


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 24 मई 2026 | दिन - रविवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 116 | मूल्य - 5 रुपये











## उच्चतम न्यायालय ने त्विषा शर्मा की मौत के मामले का स्वतः संज्ञान लिया; सुनवाई 25 मई को होगी..

**नई दिल्ली, (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने शनिवार को कथित संस्थागत पूर्वाग्रह और प्रक्रियात्मक विसंगतियों के मद्देनजर त्विषा शर्मा दहेज मृत्यु मामले का स्वतः संज्ञान लिया। न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए विवरण के अनुसार, अदालत ने मीडिया में आई खबरों और अन्य संबंधित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ 25 मई को इस मामले की सुनवाई करेगी। इस मामले में स्वतः संज्ञान ''एक युवती की उसके ससुराल में हुई अप्राकृतिक मृत्यु के मामले में कथित संस्थागत पूर्वाग्रह और प्रक्रियात्मक विसंगतियां'' विषय के रूप में लिया गया है। अभिनेत्री-मॉडल त्विषा (33) भोपाल के कटारा हिल्स इलाके में अपने ससुराल में 12 मई को फंदे से लटकी हुई मिली थीं, जिसके बाद दहेज उत्पीड़न के आरोप में उनके अधिवक्ता पति समर्थ सिंह और उनकी सास एवं पूर्व जिला न्यायाधीश गिरिबाला सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। शनिवार को एक स्थानीय अदालत ने समर्थ सिंह को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया, जबकि गिरिबाला सिंह ने कहा कि पुलिस ने अभी तक इस मामले में उनका बयान दर्ज करने के लिए उनसे संपर्क नहीं किया है।

## दिल्ली के फर्नीचर बाजार में आग लगने से 500 दुकानें जलकर खाक, लोगों ने दमकल गाड़ियों पर किया पथराव

**नई दिल्ली, (भाषा)।** *उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क स्थित फर्नीचर बाजार में भीषण आग लगने से करीब 500 दुकानें जलकर खाक हो गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात लगी आग पर काबू पाने के लिए कार्रवाई में कथित देरी से नाराज स्थानीय लोगों ने दमकल*



गाड़ियों पर पथराव किया। वहीं, दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने आरोपों का खंडन किया और कहा कि अग्निशमन अभियान पूरी रात जारी रहा। उन्होंने बताया कि आग लगने से लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है, हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 11:56 बजे उत्तर-पूर्वी नई दिल्ली के शास्त्री पार्क फर्नीचर बाजार में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि लगभग 200 पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और भीड़ को नियंत्रित किया, जबकि कई दमकलकर्मियों ने आग बुझाने का अभियान चलाया। वहीं, एक डीएसएफअधिकारी ने बताया कि लकड़ी के फर्नीचर और प्लाईवुड जैसी अत्यधिक ज्वलनशील सामग्री की मौजूदगी के कारण आग तेजी से फैल गई। उन्होंने बताया कि विभाग को रात 11 बजकर 57 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली और दमकल गाड़ियों को तुरंत रवाना किया गया। अधिकारी ने कहा, ''बाद में आग को मध्यम श्रेणी की आग के रूप में वर्गीकृत किया गया। घटनास्थल पर लकड़ी का फर्नीचर और प्लाईवुड मुख्य ज्वलनशील पदार्थ थे। आग बुझाने के काम में लगभग 25-26 दमकल गाड़ियों को लगाया गया।'' उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान कुछ लोगों ने दमकल कर्मियों पर पथराव किया, जिसके बाद रात लगभग 12 बजकर 50 मिनट पर पुलिस सहायता मांगी गई। कुछ लोगों ने दावा किया कि दमकल गाड़ियां मौके पर देर से पहुंचीं, जिसके कारण ईद-उल-अजहा से पहले व्यापारियों को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ। वहीं, एक स्थानीय निवासी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''आग रात लगभग 11 बजकर 15 मिनट पर लगी और दमकल गाड़ियां लगभग एक घंटे बाद पहुंचीं। हमें नहीं पता कि दो दुकानों में आग कैसे लगी। पूरा बाजार तबाह हो गया है और लगभग 20 दुकान बची हैं। सभी को भारी नुकसान हुआ है। यह हमारे त्योहार का समय है।'' उसने दावा किया कि वह आग लगने के लगभग 45 मिनट बाद मौके पर पहुंचा और तब तक केवल दो दमकल गाड़ियां ही बाजार में पहुंची थीं। पुलिस ने बताया कि शास्त्री पार्क थाने में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के सटीक कारण का अभी पता नहीं चल पाया है।

### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जगप्रेरणा की पहल..

## अब हर दिन कीजिये वृक्षारोपण, और तस्वीरें भेजिये जगप्रेरणा को..

**जगप्रेरणा बालाघाट/गोंदिया/सिवनी।** *बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी जिले में एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा द्वारा अब पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नई पहल की जा रही है, जिसमें ग्रीन गोंदिया ग्रीन बालाघाट ग्रीन सिवनी अभियान*




अंतर्गत एक छोटी सी कोशिश पर्यावरण के प्रति जागरुक और समर्पित पर्यावरण प्रेमियों को प्रोत्साहित करने के लिये की जा रही है, जिसमें प्रतिदिन जो भी नागरिक अपने आस पास वृक्षारोपण करेंगे, उनकी वृक्षारोपण करते हुए तस्वीरें जगप्रेरणा में प्रकाशित की जायेगी।

वृक्षारोपण के उपरांत पर्यावरण प्रेमी अपनी वृक्षारोपण करते हुए तस्वीरें जगप्रेरणा के मो. 9329033433 पर भेजें। विशेष - वर्ष भर में सर्वाधिक वृक्षारोपण कर उन वृक्षों का संवर्धन करने में वालों में सर्वाधिक वृक्षारोपण कर्ता को सम्मानित किया जायेगा।




## हरियाणा: नीट परीक्षार्थी 20-21 जून को सड़क मार्ग से कर सकेंगे मुफ्त यात्रा..

**चंडीगढ़, (भाषा)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक (यूजी) देने वाले अभ्यर्थियों के लिए 20 और 21 जून को पूरे राज्य में रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा की शनिवार को घोषणा की। नीट-यूजी की पुनर्परीक्षा 21 जून को निर्धारित है।



सैनी ने कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों का समर्थन करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि वे बिना किसी असुविधा के प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल हो सकें। इस संबंध में जारी एक बयान के अनुसार, सैनी ने कहा कि नीट के सभी अभ्यर्थियों को अपना एडमिट कार्ड दिखाकर हरियाणा रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी। सैनी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य अभ्यर्थियों को उनके परीक्षा केंद्रों तक सुगमता से पहुंचाना और यात्रा संबंधी किसी भी प्रकार की परेशानी को कम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पूर्व में सीईटी में बैठने वाले अभ्यर्थियों को इसी तरह की सुविधा प्रदान की थी और अब यही सहायता नीट अभ्यर्थियों को भी दी जा रही है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने नीट अभ्यर्थियों के लिए राज्य के स्वामित्व वाली बसों में मुफ्त यात्रा की घोषणा की है।

## पंजाब और हरियाणा में भीषण गर्मी, रोहतक और बठिंडा में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया..

**चंडीगढ़, (भाषा)।** पंजाब और हरियाणा में शनिवार को भीषण गर्मी पड़ी और बठिंडा तथा रोहतक में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, हरियाणा के रोहतक में अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पंजाब के बठिंडा में यह 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अमृतसर में अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लुधियाना में अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

पटियाला, पठानकोट और फाजिल्का में अधिकतम तापमान क्रमशः 42, 39.8 और 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोनों राज्यों की साझा राजधानी चंडीगढ़ में अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

हरियाणा में अंबाला का अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि हिसार का अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नारनौल और भिवानी में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सिरसा, गुरुग्राम और झज्जर में अधिकतम तापमान क्रमशः 44, 40.1 और 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महाभियान का भव्य शुभारंभ..

**छः सत्रों में वक्ताओं ने संगठन, विचार और आधुनिक तकनीक पर दिया प्रभावी प्रशिक्षण**





**जगप्रेरणा सिवनी।**

***भारतीय जनता पार्टी के पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत 23 मई से स्थानीय दा ग्रेंड राजवाड़ा सेलेब्रेसन में दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का भव्य शुभारंभ हुआ।***

प्रशिक्षण वर्ग का प्रारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन एवं वरिष्ठ नेताओं तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। इसके उपरांत पार्टी पदाधिकारियों द्वारा प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन किया गया।

मंच पर आगमन से पूर्व उपस्थित मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते, बालाघाट सांसद श्रीमती भारती पारधी, वर्ग प्रभारी सत्यनारायण अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन सहित सभी अतिथियों ने भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना की।

वंदे मातरम् गान एवं वर्ग गीत के साथ प्रशिक्षण वर्ग का औपचारिक शुभारंभ हुआ। वर्ग गीत अंकित ठाकुर द्वारा लिया गया तत्पश्चात अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया।कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री मुकेश बघेल द्वारा किया गया ।

प्रस्तावना उद्बोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने प्रशिक्षण वर्ग की आवश्यकता, महत्व एवं संगठनात्मक उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि योग्य, समर्पित एवं वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं के निर्माण में प्रशिक्षण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग के लिए अपेक्षित संख्या 178 निर्धारित की गई थी, जिसमें से 170 प्रशिक्षणार्थी वर्ग में सहभागिता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ग को भव्य एवं दिव्य स्वरूप प्रदान करने हेतु वर्ग प्रभारी सत्यानारायण अग्रवाल द्वारा उत्कृष्ट व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। वर्ग संयोजक की भूमिका भाजपा जिला महामंत्री संतोष अग्रवाल निभा रहे हैं, वहीं वर्ग नियंत्रक लालू राय संपूर्ण वर्ग नियंत्रण एवं कार्यक्रम का संचालन मुकेश बघेल एवं जिला महा मंत्री गजानंद पंचेश्वर व्यवस्थाओं का दायित्व संभाल रहे हैं। अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी भी जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को सौंपी गई है।

उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से अनुशासन एवं समय पालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। श्रीमती बिसेन ने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रशिक्षण वर्ग न केवल कार्यकर्ताओं के लिए उपयोगी एवं प्रेरणादायी सिद्ध होगा, बल्कि इसके उत्कृष्ट एवं व्यवस्थित आयोजन से प्रदेश स्तर पर सिवनी जिले की विशेष पहचान भी स्थापित होगी। प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री फगनसिंह कुलस्ते एवं बालाघाट सांसद श्रीमती भारती पारधी ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए प्रशिक्षण की अनिवार्यता एवं संगठनात्मक महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की विकास यात्रा में विचार के प्रति निष्ठावान, ध्येय के प्रति समर्पित, व्यवहार कुशल एवं लोकसंग्रही कार्यकर्ताओं की भूमिका ही उसकी वास्तविक शक्ति होती है।

भाजपा जिला प्रभारी सत्यनारायण अग्रवाल ने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए सरकारों की उपलब्धियों को समाज तक प्रभावी ढंग से पहुँचाना तथा संगठन का चतुर्दिक विस्तार एवं गुणात्मक विकास करना आज की प्रमुख आवश्यकता है। भाजपा जिला मीडिया विभाग से मनोज मर्दन त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन विभिन्न विषयों पर छह महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें वरिष्ठ वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को वैचारिक, संगठनात्मक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रथम सत्र में 'विचार परिवार' विषय पर प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने मार्गदर्शन दिया। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व सांसद डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने की। द्वितीय सत्र में मेला एवं तीर्थ क्षेत्र प्राधिकरण के अध्यक्ष विनोद गोटिया ने 'देश के समक्ष चुनौतियाँ, राजनीति एवं सामाजिक विषय' पर अपने विचार रखे। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष वेद सिंह ठाकुर ने की।

तृतीय सत्र में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मंडला भीष्म द्विवेदी ने 'कार्यपद्धति' विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व विधायक राकेश पाल द्वारा की गई। चतुर्थ सत्र में छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी ने 'अपनी सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाएँ एवं उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका' विषय पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष कीरत सिंह बघेल ने की।

पंचम सत्र में 'सोशल मीडिया, नई तकनीकी, एआई, प्रभावी सूचना तंत्र एवं संगठन के लिए सकारात्मक परसेप्शन निर्माण÷ विषय पर जबलपुर के मीडिया प्रभारी श्रीकांत साहू एवं संभागीय सोशल मीडिया प्रभारी आदित्य शर्मा ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष सुदर्शन बाझल ने की। प्रथम दिवस के षष्ठम सत्र में पूर्व विधायक ताराचंद बाबरिया ने 'कार्यकर्ता विकास, संभाल एवं अपेक्षाएँ' विषय पर प्रेरक उद्बोधन दिया।

इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष सुजीत जैन द्वारा की गई। इन छह सत्रों की समाप्ति के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों के लिए व्यवहारिक सत्र एवं समूह आधारित गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। प्रशिक्षण वर्ग का दूसरा दिन 24 मई को पाँच विशेष सत्रों के साथ संपन्न होगा। यह पूर्णतः आवासीय प्रशिक्षण वर्ग है, जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थियों के रात्रि विश्राम की व्यवस्था संगठन द्वारा सुनिश्चित की गई है।

# यादव समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन आज..



## आयोजन में शामिल होंगे अनेक गणमान्य जन..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***यादव महासभा सिवानी के तत्वाधान में 24 में दिन रविवार को आदर्श युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन स्थानीय राशि लाल तिकोना पार्क बारापत्थर सिवनी में आयोजित***

किया गया है किस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव कृषक भारती क्रभ को के अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव को भी आमंत्रित किया गया है इस दौरान समाज में विवाह को लेकर परिवारों में हो रही परेशानी को दूर करने के उद्देश्य से युवक युक्ति परिचय सम्मेलन के माध्यम से समाज समाज को जोड़ने का प्रयास कर रहा है उपवास है की बात जिला यादव महासभा सिवनी के अध्यक्ष अरुण यादव ने पत्रकार वार्ता में व्यक्त किया। इस अवसर पर समाज के सचिव अखिलेश यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर छत्तीसगढ़ कैबिनेट मंत्री राजेंद्र यादव पूर्व राज्यसभा सांसद झांसी उत्तर प्रदेश एवं विधायक अमर सिंह यादव सचिन यादव पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव श्रीमती ललिता यादव विधायक छतरपुर संजय यादव पूर्व विधायक बरगी देवेंद्र यादव भिलाई संतोष यादव महापौर राजनांदगांव शीश राव यादव छिंदवाड़ा सहित अनेक गणमान्य कार्यक्रम में शामिल होंगे इस आयोजन में लगभग 7000 लोगों के शामिल होने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है 24 तारीख को आयोजित कार्यक्रम में समाज के वृद्ध जनों का एवं विभिन्न कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान किया जाएगा। इनकी अतिरिक्त स्थानीय विधायक दिनेश राय एवं सांसद भारती पारधी को भी आमंत्रित किया गया है।

# शानो शौकत के साथ 25 मई को मनाया जाएगा बाबा सूफी साहब का उर्स..





## हिंदुस्तान के मशहूर क़व्वाल शब्बीर सदाकत साबरी पेश करेंगे अपने कलाम..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

सिवनी जिले के प्रख्यात संत हजरत मौलवी हसन अली शाह कादरी चिश्तियां र.ह.अ. का 47 वां उर्स 25 मई 2026 दिन सोमवार को मनाया जायेगा। जानकारी देते हुए सूफी नगर दरगाह के खादिम नवल मेहरोलिया एवं सूफी समीर खान रूमवी ने बताया कि 24 मई रविवार को कुरआन खानी, मिलाद शरीफव परचम कुसाई होगी। 25 मई को हर साल की तरह सारांश , दिव्यांशु, कमल लाहोरिया के निवास से संदल निकलेगा वहीं सूफी नगर गांधी वार्ड से भी संदल निकाला जायेगा। 25 मई रात 09 बजे से कव्वाली का प्रोग्राम रखा गया है जिसमें हिंदुस्तान के मशहूर क़व्वाल शब्बीर सदाकत साबरी (कपासन) राजस्थान अपने कलाम पेश करेंगे। आयोजकों ने हुजूर सूफी साहब के चाहने वालों से अपील किया है कि 25 मई को आयोजित उर्स में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# कांग्रेस ने मनाई भारत रत्न स्व. श्री राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में मनाई गई। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी के छायाचित्र जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने माल्यार्पण किया एवं जेपीएस तिवारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धासुमन अर्पीत किया, तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेस जनों ने पुष्प अर्पित कर राजीव जी को स्मरण किया।

श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी आधुनिक भारत के स्वपनदृष्टा एवं संचारक्रांति के जनक थे राजीव गांधी जी को 40 वर्ष की आयु में देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने उन्होंने 21 वी सदी के सशक्त भारत की नीव रखी, श्री मरावी ने आगे कहा कि देश में टेलीकॉम नेटवर्क और कम्प्यूटर के विस्तार का श्रेय श्री राजीव गांधी जी को जाता है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा राजीव गांधी द्वारा किये जा रहें संचारक्रांति का भरपूर विरोध किया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के नेतृत्व में बैलगाडी यात्रा निकाल कर संचारक्रांति एवं कम्प्यूटर टेक्नालॉजि का विरोध किया था। उन्होंने स्थानीय शासन को सुदृड़ करने के लिए पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा दिलाने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजीव गांधी जी का मानना था कि सत्ता का विकेन्द्रीकरण के बिना गांवो का वास्तविक विकास सम्भव नही है उनके द्वारा 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का अधिकार दिया गया। देश में शिक्षा के स्तर को उँचा उठाने के लिए नवोदय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, छात्रावास सहित अनेक शिक्षण संस्थानों की नीव रखी। दक्षिण भारत में एलटीटी जैसे उग्रवादी संगठनों का बढ़ता प्रभाव देखकर उन्होंने श्रीलंका शांति सेना भेजने का काम किया, देश की शांति सेना ने एलटीटी संगठन को समाप्त किया जिससे नाराज होकर उग्रवादियों ने उन पर तमिलनाडु के श्रीपैरम्बदूर में एक सभा के दौरान आत्मघाती हमला किया, हमले में वह शहीद हो गये। देश के लिए किए गए उनके त्याग और बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा। श्रद्धांजलि सभा को सिवनी विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र पटैल, जेंपीएसतिवारी, मोहनसिंह चंदेल, राजिक अकील, नितिन डेहरिया, धनंजयसिंह ने सम्बोधित किया। सभा का संचालन विष्णु करोसिया ने किया एवं आभार नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तनवीर अहमद द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस संगठन महासचिव हाजी मो. हनीफखान, श्रीमती गीता सिंह, अतुलचंद मालू, रंजीत यादव, फिरोज खान, विनोद यादव, विनोद नामदेव, प्रकाश सूर्यवंशी, यशपाल भलावी, अशोक नरवेती, एड़ अवि यादव, एड़ राजगोस्वामी, एड़ ललित ठाकुर, नन्दू यादव, ठा. जयप्रकाशसिंह ठाकुर, श्रीमती पवनरेखा रिनायत, शिवदीप डेहरिया, ऋषभसिंह ठाकुर, मोहित श्रीवास्तव, अभिषेक डेहरिया, इरशाद कादरी मोनू, सतेन्द्र बघेल, रंजीत बघेल, शेख आसिम मंसूरी, अदनान खान, विशाल सनोडिया की उपस्थिति रही।

# मुंडारा श्रीराधा कृष्ण मंदिर में भागवत कथा का समापन आज

## पटवा समाज का वार्षिक महोत्सव व प्रतिभा सम्मान का भी होगा आयोजन..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

वैनगंगा नदी के उद्गम स्थल मुंडारा (परतापुर) के श्रीराधा कृष्ण मंदिर में पटवा (लखेरा) समाज के सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन 24 मई को होगा। राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर गोपालगंज के समीप इस मंदिर परिसर में भगवान श्री राधा कृष्ण व माता महागौरी की कृपा से 17 मई से कथा प्रारंभ हुई थी।

धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा का श्रवण व पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। श्रीमद् भागवत कथा समापन अवसर पर रविवार को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पटवा समाज का वार्षिक महोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें अखिल भारतीय पटवा वैश्य महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान समाज की उत्कृष्ट प्रतिभाओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा, जिससे समाज के युवाओं व बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सके। श्रीराधा कृष्ण मंदिर समिति (पटवा लखेरा समाज मध्य प्रदेश) के अध्यक्ष रविंद्र प्रताप सिंह केहरी ने आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए पटवा समाज के सभी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में इस श्रीमद् भागवत कथा के समापन कार्यक्रम तथा वार्षिक महोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह में सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

# सड़क किनारे पड़ा मिला गंभीर रूप से घायल युवक



**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले के पिपरिया कला क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार देर रात पिपरिया कला मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने सड़क किनारे खून से लथपथ एक बाइक सवार को देखा। युवक के पास उसकी क्षतिग्रस्त बाइक भी पड़ी थी। घायल युवक अचेत अवस्था में था और उसके शरीर पर गंभीर चोटें थीं, जिसके बाद राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन गंभीर हालत के कारण उसे सिवनी जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घायल युवक की पहचान और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में इसे सड़क दुर्घटना माना जा रहा है। हालांकि पुलिस यह भी पता लगा रही है कि कहीं किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर तो नहीं मारी थी। दुर्घटना का सटीक समय और युवक कितनी देर तक घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा रहा, इसकी भी जांच की जा रही है।

इस घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों ने रात के समय सड़क पर सुरक्षा व्यवस्था और नियमित गश्त बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि इस मार्ग पर अंधेरा अधिक रहता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है और घायल युवक की स्वास्थ्य स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# पिंडरई में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण का प्रारंभ आज..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

**जिले के पिंडरई (दौंदावानी) में 24 मई से संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा प्रारंभ होगी। सात दिवसीय धार्मिक आयोजन का प्रारंभ कलश यात्रा के होगा, 31 मई तक चलेगी।**

कार्यक्रम में भागवत रसिक कथावाचक पंडित रामगोपाल शास्त्री (नीलू महाराज) के मुखारविंद से प्रतिदिन संगीतमय कथा का वाचन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार रविवार को कलश यात्रा व देव स्थापना होगी। आयोजन स्थल पर प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक मूल पाठ किया जाएगा, इसके बाद दोपहर 3:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक श्रद्धालु संगीतमय भागवत कथा का रसपान कर सकेंगे। इस पुनीत अनुष्ठान का समापन 31 मई रविवार को पूर्णाहुति, हवन व विशाल भंडारे के साथ होगा।

कार्यक्रम के प्रधान यजमान शंकरी-नारायण कहार वलीला बाई-रामलाल कहार हैं। रागिनी-ब्रजलाल कहार व आयोजक परिवार ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे इस ज्ञान यज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कथा श्रवण करें व पुण्य लाभ अर्जित करें।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921











# गोंदिया बालाघाट से दिल्ली प्रचारित नई साप्ताहिक ट्रेन भाजपा सम्मलेन के लिए कार्यकर्ताओं को लेकर हुई दिल्ली रवाना..

## भाजपा सांसद भारती पारधी का झूठ पकड़ा गया.. - बोले ब्रॉडगेज नेता अनूप सिंग बैस





जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में ब्रॉडगेज परियोजना को लेकर हमेशा बालाघाट के नागरिकों की मूंह ताकने की स्थितियां बनी रहती है, तथा बालाघाट जिले को अब तक जितने भी सांसद मिले हैं, उनमें पूर्व सांसद बोधसिंह भगत और पूर्व केन्द्रिय कोयला राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल को छोड़ दिया जाए, तो प्रत्येक सांसद बालाघाट से छलावा करने वाले और आम जनता को गुमराह करने वाले ही साबित हुए हैं। इसी क्रम में अब बालाघाट की सांसद भारती पारधी का भी नाम जोड़ा***

जा सकता है, कि जिनके कार्यकाल में जिनका वजूद सिर्फ बड़े नेताओं के साथ फोटो खिंचाकर सोशल मीडिया में डालने से पूर्ण हो जाता है, और जो कि अपने जन्मदिन पर अमित शाह से मिली बधाई का वीडियो वायरल कर अपना प्रभाव दिखाते फुली नहीं समाती, जबकि वहीं महाकौशल की रेल आवश्यकताओं को मद्देनजर पंचवर्षीय योजना के तहत गोंदिया जबलपुर मार्ग के दोहरीकरण को मंजूरी दी गई, तो इसके लिये अपने ही लोगों से अपना अभिनंदन करवाकर सांसद भारती पारधी श्रेय लेने से पीछे नहीं रही, जबकि वहीं सांसद भारती पारधी की राजनीतिक और विकास की सोच की क्या हैसियत रह गई है, इस बात को इसी बात से समझा जा सकता है कि बालाघाट को सीधे भोपाल, इंदौर, दिल्ली जैसे रुट से जोड़ने के लिये सीधी रेल सेवा शुरु करवाने के लिये जद्दोजहद तो भारती पारधी करती दिखाई नहीं देती, बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं को आदिवासी सम्मेलन के लिये लेकर जो ट्रेन रवाना की गई, उसके साप्ताहिक रुप से शुरु होने को लेकर ही उपलब्धि के रुप में प्रचारित कर दिया गया, लेकिन उसकी हकीकत तब सामने आई, कि जब उस ट्रेन में आम यात्रीयों को टिकिट नहीं मिलने की जानकारी सामने आई, तो वहीं इस ट्रेन में भाजपा कार्यकर्ताओं के आदिवासी सम्मेलन के लिये रवाना किये जाने का परिदृश्य दिखाई दिया, तथा इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिये सांसद भारती पारधी पहुंची थी।

भाजपा के जनजाति सम्मेलन के लिये रवाना होने के उपरांत इस बात की पुष्टि पूर्व विधायक भगत नेताम के बयान से भी हो जाता है, जिसमें उन्होंने सांसद भारती पारधी के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया और इस बात का उल्लेख किया कि ट्रेन क्रमांक 08811 से आज बालाघाट से दिल्ली के लिये आदिवासी समाज कार्यकर्ता रवाना हुए।

### कार्यकर्ताओं के माध्यम से करवाया गया गोंदिया बालाघाट होकर नई स्पेशल ट्रेन का प्रचार..

**गौरतलब है कि गोंदिया से नई दिल्ली के लिये स्पेशल ट्रेन जो कि ट्रायल बेस पर चलाई जानी है, इसका प्रचार सोशल मीडिया के माध्यम से किया गया, जिसमें भाजपा से जुड़े विभिन्न लोगों ने यह प्रचारित किया था कि यह ट्रेन क्रमांक 08811 गोंदिया से 23 मई को रवाना होगी, तथा 25 मई को निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से रवाना होकर 26 मई को वापस बालाघाट गोंदिया पहुंचेगी।**



### एजेंडे के लिये चलाई जा रही ट्रेन, आम जनता से सांसद और सरकार को लेना देना नही.. बोले अनुप सिंह बैस

गोंदिया से रवाना होकर बालाघाट जबलपुर मार्ग से होते हुए दिल्ली के लिये स्पेशल ट्रेन के रवाना किये जाने के उपरांत ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप सिंह बैस ने तीखा प्रहार किया है। श्री बैस ने कहा कि भाजपा सरकार की ओर से जनजाति सम्मेलन में कार्यकर्ताओं के लिये एक दिन के लिये स्पेशल ट्रेन चलाई गई, इससे यह स्पष्ट है कि मोदी है तो भाजपा के एजेंडे के लिये सब मुमकिन है, आम जनता के लिये भाजपा के पास कुछ भी मुमकिन नहीं है। इस विषय पर मूकमाटी एक्सप्रेस के प्रारंभ होने के अवसर पर सांसद भारती पारधी ने कहा था कि अब किसी संघर्ष या संघर्ष समिति की आवश्यकता नहीं है, मोदी है तो सबकुछ मुमकिन है, और अब यह मूकमाटी एक्सप्रेस से लेकर सभी मेमो ट्रेनें निर्धारित समय से दो से तीन घंटा विलंब से चल रही है, जबकि गत दिवस चलाई गई भाजपा कार्यकर्ताओं के लिये यह विशेष ट्रेन अपने निर्धारित समय पर रवाना हो गई। श्री बैस ने कहा कि गोंदिया बालाघाट होते हुए सांसद समर्थकों द्वारा विशेष ट्रेन का प्रचार किया गया था जबकि यह ट्रेन भाजपा द्वारा दिल्ली में आयोजित सम्मेलन के लिए कार्यकर्ताओं को लाने ले जाने के लिए थी। श्री बैस ने बताया कि इस ट्रेन के संबंध में जानकारी मिलने पर कुछ यात्री स्टेशन पहुंचे तो उन्होंने बताया कि सुबह 7.15 बजे ट्रेन रवाना हुई। इस ट्रेन से दिल्ली की ओर जाने के लिये जब कुछ साधारण यात्रियों ने काउंटर से टिकट लेने का प्रयास किया तो उन्हें इस विशेष लोगों की ट्रेन से जाने नहीं दिया गया। इस तरह बालाघाट जिले से 502 भाजपा कार्यकर्ताओं को स्पेशन ट्रेन में बिठाकर उनके खाने-पीने की व्यवस्था करवाते हुए रवाना किया गया, लेकिन आम जनता के लिये कोई ट्रेन नहीं चलाई जा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण और सांसद व सरकार का जनता के साथ स्पष्ट धोखा है।

### यह भी बोले अनुप सिंह बैस..

ब्रॉडगेज नेता अनुप सिंह बैस ने आगे यह भी कहा कि दो माह पहले मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, सांसद भारती पारधी ने रेल मंत्री के साथ फोटो खिंचवाकर जनता को सब्जबाग दिखाए गए थे कि जल्द ही पेंचवेली एक्सप्रेस बालाघाट से चलेगी, आज भी नैनपुर मंडला के मध्य लगभग डेढ़ वर्ष से पेंचवेली एक्सप्रेस खाली चलाकर रेलवे को करोड़ों रुपए का नुक़सान करवाया जा रहा है। अब प्रचार किया गया कि दिल्ली के लिए विशेष ट्रेन चलाई जाएगी और उसकी वास्तविकता आम जनता के सामने आ गई, और विशेष ट्रेन विशेष लोगों की शोभा बन गई, और भाजपा सांसद का झूठ अब जनता के सामने है।




### नाबालिक से दुष्कर्म और आत्महत्या मामले में

# दोषी पीयूष जामरे को दी गई 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं अर्थदण्ड की सजा..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***माननीय विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) श्रीमान गौतम सिंह मरकाम जिला बालाघाट ने न्यायालय के विशेष प्रकरण क्रमांक 10 /2024, थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 151 / 2024 में आरोपी पीयूष पिता अनिल जामरे उम्र 18***

वर्ष निवासी मरारी मोहल्ला वार्ड नं. 8 बालाघाट जिला बालाघाट (म.प्र.) को धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5,000 /- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। इस मामले में श्री कपिल कुमार डहेरिया, सहायक संचालक बालाघाट के मार्गदर्शन में अभियोजन की ओर से पैरवी श्रीमती आरती कपले, विशेष लोक अभियोजक, बालाघाट द्वारा की गई। घटना के संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका / अभियोक्त्री एवं अभियुक्त एक ही मोहल्ले में निवास करते थे। अभियुक्त एवं अभियोक्त्री की मुलाकात घटना के एक डेढ़ माह पूर्व एक शादी में हुई थी और दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे थे और दोनों की मोबाइल पर बातचीत होती थी। करीब एक माह पूर्व अभियुक्त घर पर अकेला था तभी अभियोक्त्री उसके घर आयी और दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने। दिनांक 16 मार्च 2024 को अभियोक्त्री ने अभियुक्त को फोन कर बताया कि आज उसके घर पर कोई नहीं हैं, तब अभियुक्त अभियोक्त्री के घर पहुंचा तो देखा कि अभियोक्त्री घर पर अकेली थी वह कमरे के अंदर जाकर दरवाजा बंद कर दिया तत्पश्चात अभियोक्त्री के घर पर दरवाजा खटखटाने की आवाज आई, अभियोक्त्री ने दरवाजा खोला तो एक लड़का घर के अंदर आया और अभियुक्त से उसका नाम, पता पूछने लगा, अभियुक्त ने अपना नाम पता बताया तो उसने उसके कमरे से बाहर निकाला और मोबाइल से उसका फोटो लिया और अभियोक्त्री के पिता को भेज दिया। अभियोक्त्री के पिता ने पूछताक्ष किये तभी अभियोक्त्री ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और रोने लगी और अभियुक्त का नाम लेकर कहने लगी की पीयूष ने उसे लगातार परेशान किया है, आज कमरे में घुस कर बदनाम कर दिया और इसकी कारण वह फांसी लगा रही है। अभियोक्त्री के पिता ने उसके छोटे भाई को बुलवाया और दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तब तक अभियोक्त्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उक्त के आधार पर दिनांक 19 मार्च 2024 को पुलिस थाना कोतवाली बालाघाट में अभियुक्त के विरूद्ध अपराध क्रमांक 151/2024 अंतर्गत धारा 305, 376 ( 2 ) एन, 450 भादवि 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई। प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में आयी सकारात्मक साक्ष्य रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्त को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया।

# यातायात प्रभारी यीना राहंगडाले ने की यात्री बसों की जांच, सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर लगाई फटकार..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट में जिला परिवहन विभाग और यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से यात्री वाहनों की विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जहां बीते दो दिनों से जिले की अलग-अलग सड़कों पर संयुक्त टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। अभियान के तहत यात्री बसों, ओवरलोडिंग कर रही पिकअप***

वाहनों और अन्य व्यावसायिक वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इसी क्रम में 22 मई को यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने जिलेभर में लगभग 35 से 40 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में ऐसी यात्री बसें पकड़ी गई, जो ओवरलोडिंग कर संचालित हो रही थीं। इसके अलावा कई बसें बिना वैध पंजीयन प्रमाण पत्र, फिटनेस और परमिट के सड़कों पर दौड़ती मिलीं। ऐसे वाहनों पर सख्त कार्रवाई की गई। इसी प्रकार 23 मई को भी यातायात प्रभारी यीना राहंगडाले यातायात विभाग के स्टाफ को लेकर यात्री बसों की जांच करने के लिये बस स्टैंड पहुंची, जहां पर यात्री बसों के अंदर प्रवेश कर यात्री बसों के रखरखाव, स्वच्छता एवं सुरक्षा संबंधी समस्त विषयों पर यीना राहंगडाले द्वारा जांच की गई, तथा जहां कमी दिखाई दी, वहां कड़ी चेतावनी के साथ ही एक बार फिर चालानी कार्यवाही की गई।



जानकारी के अनुसार जांच के दौरान यातायात प्रभारी यीना राहंगडाले ने बताया कि अधिकांश बसों में इमरजेंसी एग्जिट गेट बंद पाए, फर्स्ट एड बॉक्स में रखी दवाएं एक्सपायरी डेट की पाई। ड्राईवर कंडेक्टर बस को खड़े कर यहां वहां घुमते पाए गए। ओवरलोडिंग की शिकायतें सामने आई है। फायर इमरजेंसी गेट को बंद रखा जाना पाया गया, यात्री किराया सूची लगाने के संबंध में भी बस संचालकों को निर्देश देने की बात यातायात प्रभारी ने कही। उन्होंने यह भी कहा कि समय पूर्व बसों को खड़ा करके बस स्टैंड पर यात्री बसों की अनावश्यक भीड़ पर की भी शिकायतें मिली है, जिस पर बस संचालकों को समझाईश दी गई है, तथा नोटिस भी दिये जा रहे हैं।

### पति-पत्नी सड़क हादसे में घायल, राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल..

जगप्रेरणा बालाघाट।

अंबेडकर चौक में शनिवार शाम तेज रफ्तार चौपहिया वाहन ने बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा कोतवाली थाना से महज 100 मीटर दूरी पर शाम करीब 4 बजे हुआ। घटना के बाद मौके पर अफ्रा-तफ्री मच गई और राहगीरों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार घायल घनश्याम हरदे (40) पिता बृजलाल हरदे एवं उनकी पत्नी सुशीला हरदे (35) निवासी ग्राम करवाही, बैहर उपचार के लिए बालाघाट आए हुए थे। बताया गया कि घनश्याम अपनी पत्नी सुशीला का इलाज कराने आरोग्य हॉस्पिटल पहुंचे थे। उपचार के बाद वे बाइक से एक निजी अस्पताल में सोनोग्राफी कराने जा रहे थे। इसी दौरान अंबेडकर चौक पर पीछे से तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सुशीला के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि घनश्याम को अंदरूनी चोटें बताई जा रही हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी और घायलों की सहायता की। एम्बुलेंस की मदद से दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। अस्पताल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी

मो. 84353 19391

जग प्रेरणा

# लालबर्रा / बैहर / परसवाड़ा

● कनकी ● बेहरई ● खमरिया ● मोहगांव धपेरा ● जाम ● कंजई ● नेवरगांव ● उकवा ● मलाजखंड ● लामटा ● चांगोटोला ● समनापुर

## परसवाड़ा में कलेक्टर की सख्ती, विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा के बाद निर्माणाधीन लाइब्रेरी का किया निरीक्षण

हर्ष पाण्डेय, जगप्रेरणा परसवाड़ा।

*जिले में शासकीय योजनाओं के प्रभावी संचालन और विकास कार्यों की जमीनी स्थिति परखने के उद्देश्य से शनिवार को परसवाड़ा में खंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सांदीपनि विद्यालय परिसर में आयोजित इस बैठक में*









जिला कलेक्टर मृणाल मीना ने विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर डी पी बर्मन, एसडीएम श्रीश प्यासी सहित जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

करीब चार घंटे तक चली इस समीक्षा बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, राजस्व, मनरेगा, श्रम, पशुपालन, पीएचई और बिजली विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने एसडीएम परसवाड़ा को निर्देश दिए कि अनुभाग स्तर पर नियमित समीक्षा बैठक आयोजित कर विभागीय योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

### शिक्षा विभाग पर विशेष फोकस..

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कक्षा 1 से 8 तथा 9 से 12 तक सभी विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे का नामांकन छूटना नहीं चाहिए। कक्षा 6 एवं 9 के विद्यार्थियों को साइकिल वितरण और सभी बच्चों को पाठ्य-पुस्तकों का समय पर वितरण कर उसकी पोर्टल एंट्री करने के निर्देश दिए गए।

कमजोर शैक्षणिक स्तर वाले विद्यालयों में एफएलएन मेले आयोजित कर बच्चों की सीखने की क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने शिक्षकों से कहा कि जिस प्रकार वे अपने बच्चों की पढ़ाई को लेकर सजग रहते हैं, उसी प्रकार शासकीय विद्यालयों के बच्चों की शिक्षा को भी प्राथमिकता दें।

### स्वास्थ्य विभाग को चेतावनी..

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने एएनएम, सीएचओ एवं आशा कार्यकर्ताओं से गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन और संस्थागत प्रसव की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन सुनिश्चित किया जाए तथा प्रसव केवल शासकीय अस्पतालों में ही कराया जाए। निजी अस्पतालों में प्रसव कराने पर संबंधित आशा कार्यकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं सीएचओ संयुक्त रूप से सप्ताह में कम से कम एक दिन गांवों का भ्रमण करें, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बेहतर हो सके।

### महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी..

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान एसएएम एवं एमएएम श्रेणी के बच्चों के चिन्हांकन और पोषण ट्रैकर एप पर कम प्रगति को लेकर नाराजगी जताई गई। चिखलाझोड़ी एवं डोरा की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को चेतावनी दी गई, जबकि उकवा सेक्टर की पर्यवेक्षक को क्षेत्रीय भ्रमण नहीं करने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

### राजस्व विभाग को 15 दिन का समय..

राजस्व विभाग की समीक्षा में नक्शा तरमीम, नामांतरण एवं फार्मर रजिस्ट्री की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर कार्यों में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। पटवारियों को निर्देश दिए गए कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य समय पर पूरा करें, ताकि किसानों को उर्वरक वितरण में परेशानी न हो।

### मनरेगा कार्यों में लापरवाही पर फटकार..

मनरेगा कार्यों की समीक्षा के दौरान लेबर बजट का उपयोग नहीं करने और जॉब कार्ड धारकों को पर्याप्त रोजगार उपलब्ध नहीं कराने पर रोजगार सहायकों को कड़ी चेतावनी दी गई।

कलेक्टर ने कहा कि परसवाड़ा क्षेत्र पूर्व में नक्सल प्रभावित रहा है और यहां रोजगार उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों, सचिवों और रोजगार सहायकों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

### कृषि और उद्यानिकी विभाग को दिए विशेष निर्देश..

कृषि विभाग को पराली प्रबंधन, जे-फार्म एप पर किसानों का पंजीयन और डीएसआर पद्धति से धान की बोनी को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। वहीं उद्यान विभाग को क्षेत्र में फल एवं सब्जी उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा गया।

### निर्माणाधीन लाइब्रेरी का किया निरीक्षण..

समीक्षा बैठक के बाद कलेक्टर मृणाल मीना ने परसवाड़ा के पुराने सीएम राइज स्कूल भवन में निर्माणाधीन लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने लाइब्रेरी भवन के निर्माण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह क्षेत्र के विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं और ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाइब्रेरी परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और इसे बेहतर सुविधाओं से विकसित करने पर चर्चा की। कलेक्टर ने एसडीएमसी श्रीश प्यासी को लाइब्रेरी एवं छात्रावास के लिए सोलर पैनल लगाने संबंधी प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए।

उन्होंने विद्यालय भवन के खाली पड़े कमरों के उपयोग को लेकर भी चर्चा की और कहा कि इन कमरों का उपयोग विद्यार्थियों के हित में किया जाना चाहिए। इस दौरान क्षेत्र के समाजसेवी रामेश्वर कटरे, टीकम राहंगडाले एवं श्रीश अवधिया सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## जनजातीय ग्रामों में पहुंचकर प्रशासन ने जाना ग्रामीणों का हाल

### ‘सबसे दूर, सबसे पहले’ अभियान के तहत जारी है जनसंपर्क एवं जागरूकता अभियान







जगप्रेरणा परसवाड़ा।

*पीएम-जनमन एवं डीए-जेजीयूए के तहत संचालित ‘जनभागीदारी - सबसे दूर, सबसे पहले’ अभियान के अंतर्गत परसवाड़ा विकासखंड के दूरस्थ जनजातीय एवं बैगा बहुल ग्रामों में अधिकारियों एवं* कर्मचारियों द्वारा भ्रमण कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ ग्रामीणों को उनके अधिकारों एवं सुविधाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

जिला कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशन में चल रहे इस अभियान में जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त शकुंतला डामोर तथा सहायक संचालक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीडी ठाकरे के मार्गदर्शन में मैदानी स्तर पर गतिविधियां लगातार संचालित की जा रही हैं।

अभियान के दौरान प्राचार्य यूएस राजपूत एवं छात्रावास अधीक्षक टेकेन्द्र सिंह मर्सकोले द्वारा नाटा पंडाटोला, उडदना, घोड़ादेही, चन्दना, भीकेवाड़ा, सुकड़ी सहित विभिन्न जनजातीय ग्रामों एवं बैगा बस्तियों में पहुंचकर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं की जानकारी भी ली गई।

अधिकारी-कर्मचारियों ने घर-घर पहुंचकर योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन किया तथा ग्रामीणों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। संतृप्ति शिविरों एवं जनसुनवाई कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के प्रयास भी किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन का गांवों तक पहुंचकर सीधे संवाद करना एवं समस्याओं को सुनना सकारात्मक पहल है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में भी शासन की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है।

## मारपीट के आरोपी को 01 वर्ष का कारावास एवं अर्थदंड की सजा..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमान ईशान ढेंगुला ,जिला बालाघाट ने न्यायालय के प्रक0क्रं0 308/2021 थाना-ग्रामीण नवेंगाव, जिला-बालाघाट के अप.क्रं. 39/2021 में अभियुक्त - 1. पवन कुमार हरिनखेड़े पिता भरतलाल हरिनखेड़े उम्र 47 वर्ष निवासी- मगरदर्रा, थाना ग्रामीण नवेगांव जिला बालाघाट। को दोषसिद्व करते हुए धारा 325 भा.द.स. 01 वर्ष का कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड तथा धारा 323 भा.द.स. मे 03 माह का कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

श्री कपिल कुमार डहेरिया, सहायक संचालक (अभियोजन) के मार्गदर्शन में अभियोजन की ओर से पैरवी श्री सुरेन्द्र कुमार उइके सहायक जिला अभियोजन अधिकारी, बालाघाट द्वारा की गई। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि फरियादी रेवाराम ग्राम मगरदर्रा में निवासरत है जो दिनांक 06.02.2021 को अपनी जमीन को देखने अपनी पत्नी उषा के साथ मगरदर्रा गया था। दिनांक 08.02.2021 को पवन अपने घर के सामने फावडा लेकर खडा था जो रेवाराम को देखकर गंदी गंदी गाली देकर कहा कि तूने हमको जमीन का हिस्सा नहीं दिया है और जमीन पूरा कब्जा कर लेगा और तुम लोगो को यहां से भगा दूंगा तब रेवाराम ने पवन को कहा कि कैसा भगा देगा तभी पवन आवेश में आकर फावडा से मारपीट किया तब रेवाराम ने चिल्लाया तो उषा बीच बचाव करने आयी तभी पवन की मॉ भागनबाई, सोनाली हरिनखेडे व भरतलाल हरिनखेडे आये और गंदी गंदी गाली देकर उषा के साथ हाथ मुक्को से मारपीट किये, जिससे उषा को चोट आयी तभी पवन, भरतलाल ने रेवाराम को कहा कि आज के बाद दोबारा यहां पर आये तो जान से खत्म कर देंगे। उक्त सूचना के आधार पर अभियुक्त पवन कुमार, भागनबाई, सोनाली, भरतलाल के विरूद्ध आरक्षी केन्द्र ग्रामीण नवेगांव अपराध क्रमांक 39/21, अंतर्गत धारा 294, 323, 325, 506, 34 भारतीय दण्ड संहिता पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में आवश्यक अनुसंधान कार्यवाही पूर्ण कर अभियोग-पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय ने विचारण उपरांत पवन कुमार हरिनखेड़े को उपरोक्त दंड से दंडित किया।

## आज उकवा में होगा भव्य नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर..

### जिले के अनेक ख्यातिलब्ध चिकित्सक देंगे सेवा..

संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

*सर्वे भवन्तु सुखिना सर्वे संतु निरामया, सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कस्चित दुख भाग्य भव:,सभी स्वस्थ रहे, सभी निरोगी रहे,सभी का कल्याण हो इसी कामना के साथ समाधान हास्पिटल बालाघाट एवं अल्बाकोर जीआर के संयुक्त तत्वाधान में उकवा में भव्य नि:शुल्क स्वस्थ शिविर का आज आयोजन किया जा रहा है,*




जिसमें जिले के प्रसिद्ध अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉक्टर अजीत गणवीर, डॉक्टर सत्यजीत मेश्राम, डॉक्टर वेदप्रकाश लिल्हारे, डॉक्टर नीलिमा लिल्हारे आदि अनेक चिकित्सकों द्वारा हड्डियोग, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर, थाइराइड, पेट संबंधी रोग, खासी जुकाम, कब्ज पेट खराब होना, नींद न आना, सांस की समस्या, स्त्री रोग, बीपी, मोटापा, कमजोरी बुखार, आदि अनेक रोगों का नि:शुल्क उपचार कर परामर्श प्रदान कर कीमती दवाओं का वितरण भी मुफ़्त में किया जाएगा, साथ ही शिविर में इसीजी एवं रक्त शुगर की जांच भी मुफ्त निशुल्क की जाएगी, यह आयोजन उकवा जय बड़ा देव स्थल ग्राम पंचायत उकवा में बगल में सुबह नौ बजे से आयोजित किया जाएगा, आयोजन को सफल बनाने की अपील सामाजिक कार्यकर्ता एवं सर्व धर्म सेवा समिति उकवा के अध्यक्ष जेम्स बारिक, ग्राम के सहयोगी चिकित्सक डॉक्टर हेमंत बिसेन, डॉक्टर केके गुप्ता, डॉक्टर अश्विन बम्परे, डॉक्टर अरुण बिसेन, डॉक्टर वर्मा, डॉक्टर प्रभात घुले, डॉक्टर अमित ठाकरे आदि ने की है।




## कम बारिश की आशंका के बीच कृषि विभाग की किसानों से अपील

### धान की सीधी बुआई अपनाकर कम लागत में लें बेहतर उत्पादन

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा इस वर्ष अल नीनो (श्ब्द्य ह्द्धैश) के प्रभाव के कारण सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना जताए जाने के बाद कृषि विभाग ने किसानों से खरीफ सीजन में धान की सीधी बुआई (बोवार) तकनीक अपनाने की अपील की है।

कृषि विभाग ने कहा है कि परंपरागत रोपा पद्धति में अधिक पानी की आवश्यकता होती है, ऐसे में कम वर्षा की स्थिति में किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

उप संचालक कृषि विभाग बालाघाट श्री फूलसिंह मालवीय द्वारा जारी अपील में किसानों से कहा गया है कि वे धान की सीधी बुआई तकनीक को प्राथमिकता दें, जिससे कम पानी में भी फसल सुरक्षित रखी जा सकेगी। विभाग के अनुसार इस पद्धति में खेत में लगातार पानी भरकर रखने की आवश्यकता नहीं होती, जिससे जल संरक्षण के साथ उत्पादन लागत भी कम होती है।

कृषि विभाग ने बताया कि सीधी बुआई विधि से मिट्टी की संरचना बेहतर बनी रहती है तथा खेत में वायु संचार अच्छा होने से पौधों की जड़ों को पर्याप्त ऑक्सीजन मिलती है। लगातार जलभराव नहीं होने से लाभदायक बैक्टीरिया की संख्या भी बढ़ती है, जिससे खाद एवं उर्वरकों का सही उपयोग हो पाता है। विभाग के अनुसार सीडड्रिल मशीन से धान की बुवाई करने पर लगभग 8 से 10 हजार रुपये प्रति एकड़ तक की लागत में कमी आती है। विभाग ने यह भी बताया कि रोपा पद्धति में खेतों में अधिक कीचड़ होने से पानी जमीन के भीतर कम पहुंचता है, जिससे जलस्तर प्रभावित होता है। जबकि सीधी बुआई तकनीक से भूजल स्तर में सुधार होने की संभावना रहती है और रबी फसलों जैसे गेहूं एवं चना के उत्पादन को भी लाभ मिलता है। इसके साथ ही इस पद्धति से मीथेन गैस का उत्सर्जन भी 30 से 40 प्रतिशत तक कम होता है। कृषि विभाग ने किसानों को सीडड्रिल मशीन, सुपर सीडर मशीन, स्टेप सीडर मशीन एवं छिटकवा विधि से बुवाई करने की सलाह दी है। विभाग के अनुसार स्टेप सीडर मशीन से लाइन एवं पौधों के बीच समान दूरी बनाए रखने से पौधों की वृद्धि बेहतर होती है तथा रोग एवं कीटों का प्रकोप भी कम होता है।

विभाग ने किसानों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की तकनीकी जानकारी या मार्गदर्शन के लिए वे अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (क्रश्वह्र) अथवा नजदीकी कृषि विज्ञान केंद्र से संपर्क करें। कृषि विभाग ने संदेश दिया है - ‘जल की हर बूंद का रखें हिसाब, सीधी बुआई से लाएं खुशहाली बेहिसाब।’







जग प्रेरणा
# वारासिवनी कटंगी
● कायदी ● डोंगरमाली ● रामपायली ● खैरलांजी ● तिरोड़ी ● बोनकट्टा ● महकेपार







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
पिंटू गुप्ता तिरोड़ी
मो. 8770664297


## तिरोड़ी क्षेत्र मे रेत का अवैध खनन एवं परीवहन जोरो पर प्रशासन सोया कुंभकर्णी नींद में..

### सरकार को हो रही लाखों रुपए राजस्व की क्षति..

जगप्रेरणा तिरोड़ी।

***मप्र एवं महाराष्ट्र राज्य की सीमा को जोडने़ वाली जीवनदायिनी बावनथड़ी नदी (बोनकट्टा) और हरदौली से अवैध रेत खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस नदी में दोनों ही राज्यों की सीमा में मनमाना अवैध रेत खनन एवं दोहन हो रहा है।***







क्षेत्र भर में सक्रिय रेत माफ़ियाओं द्वारा शायद ही कोई नदी व घाट ऐसा बचा हो जहां चोरी छुपे अवैध खनन नहीं हो रहा हो। यही नहीं रेत के कारोबार से जुड़े लोगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वह न सिर्फबिना लाइसेंस रेत खनन करते हैं बल्कि विभिन्न स्थानों पर बिना लाइसेंस उसका भंडारण कर वहीं से उसकी बिक्री भी कर रहे हैं। अच्छे पैसे कमाने के लिए माफ़िया हर जोखिम उठाने के लिए तैयार बैठे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की कथित मिली भगत के चलते यह अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। गौरतलब हो कि रेतघाट के ठेके नहीं होने के बाद भी जहां निरंतर अवैध रेत खनन कर चोरी की जा रही है, वहीं सरकार को भी लाखों रुपए के राजस्व क्षति हो रही है। ऐसे में शासन को इसे गंभीरता से लेते हुए रेत घाट निलाम करने की भी आवश्यकता है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बोनकट्टा नदी पर प्रतिबंध के बाद भी रेत का अवैध कारोबार किया जा रहा है। रात के अंधेरे से लेकर दिन के उजाले में भी नदी से रेत खनन की जा रही है। खनन माफ़िया बकायदा मशीन के जरिए रेत निकालकर आसपास के सटे गांवों में डंप बनाकर रख रहे हैं। दूर से देखने पर रेत के यह डंप किसी पहाड़ से कम नहीं दिखते। ट्रकों में ओवरलोड करके यह रेत महाराष्ट्र तथा ट्रेक्टर ट्रालियों से आसपास ही धड़ल्ले से परिवहन की जा रही है। यह पूरा अवैध कारोबार रात-रात भर किया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेत पर प्रतिबंध के बाद भी धड़ल्ले से बे रोक-टोक व्यापार किया जा रहा है। दिन में खनन माफ़िया नदियों का सीना छलनी करके रेत निकालने रहे है और रात के अंधेरे में अवैध परिवहन करके रेत का काला कारोबार करते हैं।

### बोले तिरोड़ी थाना प्रभारी रुद्र मिश्रा..

'समय समय पर हमारे द्वारा कार्यवाही की जाती है हमारे पास बहुत काम रहते है आप खनिज विभाग को बताए उनका विभाग ही इसके लिए है'

### बोले बालाघाट खनिज अधिकारी बसंत कुमार पाटिल..

इस संबंध में खनिज अधिकारी से बात की तो उन्होंने कहा रेत के अवैध खनन एवं परीवहन पर बीच में बोथवा ग्राम से डंपर जप्त कर पुलिस थाना तिरोड़ी में खड़ा किया था हम अभी उसी क्षेत्र मे हैं और भी कार्यवाही की जाएगी।

## रामपायली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

## विधायक विवेक विक्की पटेल के आकस्मिक निरीक्षण से स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में बढ़ी सक्रियता

### रामपायली प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार स्वच्छता, दवा उपलब्धता एवं बेहतर उपचार व्यवस्था पर दिया गया विशेष जोर..







जगप्रेरणा वारासिवनी।

वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विवेक विक्की पटेल ने आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपायली का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की समस्त व्यवस्थाओं, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, स्वच्छता, दवा वितरण, उपचार व्यवस्था, स्टाफ की उपस्थिति एवं अस्पताल संचालन की गुणवत्ता का गंभीरता से अवलोकन किया गया। विधायक के अचानक निरीक्षण से स्वास्थ्य विभाग में सक्रियता और जवाबदेही का वातावरण दिखाई दिया।

इस अवसर पर मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. परेश उपल्ब, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यम शर्मा, मेडिकल ऑफ़िसर डॉ. किरण बांसोड, मेडिकल ऑफ़िसर डॉ. प्रिया बिसेन, सेक्टर सुपरवाइजर अनिल तिवारी, फ़ार्मासिस्ट कार्तिक शरणागत, रेडियोग्राफ़र कपिल बघेल, कंप्यूटर ऑपरेटर नरसिंह नागपुरी एवं नर्सिंग ऑफ़िसर चांदनी साखरे सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

निरीक्षण के दौरान जनपद सदस्य जीतू राजपूत, जगदीश बंसोड, ग्राम रामपायली के सरपंच संदीप बाघमारे, व्यापारिक संघ रामपायली अध्यक्ष केवल शिवहरे, ग्राम सोनझरा के पूर्व सरपंच बुद्धेश बिसेन एवं पूर्व उपसरपंच रजनीश नकाशे सहित अनेक ग्रामीणजन भी मौजूद रहे। सभी ने क्षेत्र की स्वास्थ्य समस्याओं एवं आवश्यकताओं से विधायक को अवगत कराते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के शीघ्र विस्तार एवं आधुनिक सुविधाओं की मांग रखी।

ग्रामीणों ने अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियमित उपलब्धता, पर्याप्त बेड व्यवस्था, आधुनिक जांच सुविधाएं, एक्स-रे एवं पैथोलॉजी सेवाओं को और मजबूत करने, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने तथा आपातकालीन उपचार व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग प्रमुखता से उठाई।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण करते हुए साफ़-सफ़ाई व्यवस्था पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर, वार्ड, प्रसूति कक्ष, शौचालय एवं मरीज प्रतीक्षालय की नियमित सफ़ाई सुनिश्चित की जाए ताकि मरीजों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके।

उन्होंने कहा कि शासकीय अस्पताल जनता के विश्वास का केंद्र होते हैं और यहां आने वाले प्रत्येक मरीज के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान ओपीडी कक्ष, दवा वितरण कक्ष, प्रसूति वार्ड, टीकाकरण कक्ष, रिकॉर्ड संधारण व्यवस्था एवं मरीज पंजीयन प्रणाली का भी अवलोकन किया गया। विधायक ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयों का पर्याप्त भंडारण हमेशा उपलब्ध रहे तथा किसी भी मरीज को अनावश्यक रूप से बाहर से दवा खरीदने की स्थिति निर्मित न हो।

उन्होंने स्वास्थ्य स्टाफको समय पर उपस्थित रहकर मरीजों को बेहतर उपचार देने, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की विशेष देखभाल करने, नियमित टीकाकरण अभियान चलाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि शासन की सभी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ पहुंचना चाहिए।

मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. परेश उपल्ब एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यम शर्मा ने भी अस्पताल की वर्तमान व्यवस्थाओं एवं भविष्य की आवश्यकताओं की जानकारी विधायक को दी। मेडिकल ऑफ़िसर डॉ. किरण बांसोड एवं डॉ. प्रिया बिसेन ने मरीजों की बढ़ती संख्या एवं संसाधनों की जरूरत पर चर्चा की। वहीं फ़ार्मासिस्ट कार्तिक शरणागत, रेडियोग्राफ़र कपिल बघेल, सेक्टर सुपरवाइजर अनिल तिवारी, कंप्यूटर ऑपरेटर नरसिंह नागपुरी एवं नर्सिंग ऑफ़िसर चांदनी साखरे द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी गई।

अंत में विधायक विवेक विक्की पटेल ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित सभी शासकीय अस्पताल जनता की सेवा के लिए समर्पित हैं। नागरिकों को चाहिए कि वे सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध निःशुल्क दवाइयों, जांच सुविधाओं, टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य स्वास्थ्य योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें। उन्होंने कहा कि जनता की बेहतर स्वास्थ्य सुविधा ही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा रामपायली स्वास्थ्य केन्द्र की आवश्यक समस्याओं के समाधान एवं विस्तार के लिए हर संभव प्रयास मेरे द्वारा किए जाएंगे।

## बैल जोड़ी प्रतियोगिता ग्रामीण संस्कृति का अभिन्न अंग : हीरावत



जगप्रेरणा कटंगी।

***खैरलांजी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुमसर टटेकसा में गत दिवस बैल जोड़ी पट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में ग्राम तुमसर टटेकसा सहित विभिन्न ग्रामों की बैलजोड़ियों ने भाग लिया।***

प्रतियोगिता का समारोह ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नीरज हीरावत के मुख्य आतिथ्य में किया गया। श्री हीरावत ने पट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाली रामकुमार नगपुरे की बैल जोड़ी को उचित पारितोषिक से सम्मानित किया। श्री हीरावत ने कहा कि बैल जोड़ी पट प्रतियोगिता हमारी ग्रामीण संस्कृति का अभिन्न अंग है। इसे सहेज कर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। किसान भाइयों द्वारा अपने बैलों को इस दौड़ के लिए तैयार करना और उनकी सेवा करना बेहद सराहनीय है।

मैदान में बैलों का शानदार प्रदर्शन और किसानों का उत्साह आयोजन को सफ्ल बनाता है। उक्त प्रतियोगिता को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण दर्शकदीर्घा में उपस्थित हुए।


दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433


## मौत से जंग जीतकर जिंदगी की ओर लौटे दो मासूम

## बालाघाट जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू वार्ड में चिकित्सकों की मेहनत और ममता ने बचाई नवजातों की जिंदगी..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***कहते हैं कि जब उम्मीद, मेहनत और सेवा एक साथ जुड़ जाएं तो जिंदगी की सबसे कठिन लड़ाई भी जीती जा सकती है। जिला चिकित्सालय बालाघाट के एसएनसीयू वार्ड में ऐसी ही दो भावुक और प्रेरणादायक कहानियां सामने आई हैं,***

जहां गंभीर स्थिति में जन्मे दो नवजात शिशुओं को चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफके अथक प्रयासों से नया जीवन मिला। इन मासूमों की जिंदगी बचाने में आधुनिक उपचार, लगातार निगरानी और मां के स्नेह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### 670 ग्राम वजन और 26 सप्ताह में जन्मे मासूम ने जीती जिंदगी की जंग

खैरलांजी तहसील के मोवाड वार्ड क्रमांक 14 निवासी वर्षा पति गौरीशंकर गाडेकर ने 20 फ़रवरी 2026 को जिला चिकित्सालय बालाघाट में सामान्य प्रसव के दौरान एक बालक को जन्म दिया। जन्म के समय शिशु का वजन मात्र 670 ग्राम था और उसका जन्म महज 26 सप्ताह यानी साढ़े छह माह में ही हो गया था। अत्यधिक कम वजन और समयपूर्व जन्म के कारण नवजात की स्थिति बेहद गंभीर थी। शिशु को तुरंत एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। सांस लेने में अत्यधिक परेशानी होने के कारण चिकित्सकीय प्रोटोकॉल के तहत उसे 23 दिनों तक सी-पैप मशीन और 39 दिनों तक ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया। इस दौरान एंटीबायोटिक दवाइयों के साथ नली के माध्यम से मां का दूध पिलाया गया। नवजात को नियमित रूप से केएमसी (कंगारू मदर केयर) और एनएनएस भी कराया गया। 21 दिन पूर्ण होने पर प्रोटोकॉल के अनुसार शिशु की आंखों की आरओपी जांच कराई गई, जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। लगातार उपचार के बावजूद शिशु ऑक्सीजन सपोर्ट से बाहर नहीं आ पा रहा था। हृदय संबंधी समस्या की आशंका होने पर 62 दिनों बाद 28 अप्रैल 2026 को उसे 108 एम्बुलेंस की सहायता से मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफ़र किया गया। मेडिकल कॉलेज जबलपुर में सात दिनों तक उपचार के बाद परिजन बच्चे को पुनः फ़ॉलोअप के लिए जिला चिकित्सालय बालाघाट लेकर पहुंचे। उस समय शिशु का वजन बढ़कर 1.200 किलोग्राम हो चुका था और उसकी स्थिति सामान्य थी। आंखों की समस्या के उपचार के लिए जिला अस्पताल द्वारा पुनः 108 एम्बुलेंस से नागपुर भेजकर निशुल्क इलाज कराया गया। वर्तमान में मासूम पूरी तरह स्वस्थ है।


### 11 दिन वेंटिलेटर पर रहने के बाद स्वस्थ हुई नवजात बालिका

दूसरी कहानी किरनापुर तहसील के ग्राम बटकरी निवासी लक्ष्मी पति चमरूसिंग टेकाम की नवजात बालिका की है। 30 मार्च 2026 को पीएचसी माटे में सामान्य प्रसव के दौरान जन्मी यह बालिका जन्म के समय रो नहीं पाई थी। सांस लेने में अत्यधिक परेशानी और लगातार झटके आने के कारण उसे तत्काल जिला चिकित्सालय बालाघाट के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया।

शिशु की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने तुरंत उपचार शुरू किया और उसे वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। बालिका लगातार 11 दिनों तक वेंटिलेटर पर रही, इसके बाद 5 दिनों तक सी-पैप मशीन तथा 6 दिनों तक ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया। इस दौरान जीवन रक्षक दवाइयों के साथ नली के माध्यम से मां का दूध पिलाया गया।

धीरे-धीरे बच्ची की स्थिति में सुधार होने लगा। चिकित्सकों द्वारा नियमित रूप से कंगारू मदर केयर कराई गई तथा आंखों और कानों की जांच भी कराई गई। लगातार उपचार और देखभाल के बाद नवजात पूरी तरह स्वस्थ हो गई। 32 दिनों तक चले उपचार के बाद 5 मई 2026 को 2.600 किलोग्राम वजन होने पर उसे सफ्लतापूर्वक डिस्चार्ज कर दिया गया। इन दोनों नवजातों की जिंदगी बचाने में एसएनसीयू प्रभारी सुधा जैन, अन्य चिकित्सकों तथा नर्सिंग स्टाफकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनकी सतत निगरानी, समर्पण और संवेदनशीलता ने इन मासूमों को नया जीवन दिया। डिस्चार्ज के समय दोनों बच्चों के माता-पिता की आंखों में खुशी और भावुकता साफदिखाई दे रही थी।

उन्होंने चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों की बदौलत आज उनके बच्चों की जिंदगी सुरक्षित है।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी

मो. 7697505999

विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433

# पशु परिचारक युवराज सोनवाने के सेनी पर हुई भावभीनी बिदाई..







जगप्रेरणा लांजी।

***पशु चिकित्सालय लांजी में आज पशु औषधालय साडरा में पदस्थ पशु परिचारक युवराज सोनवाने के सम्मान में भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया।***

श्री सोनवाने 30 अप्रैल 2026 को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। समारोह की अध्यक्षता विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रियांश वासनिक ने की। इस अवसर पर डॉ. शानू देवी सिंगौरे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री सोनवाने के 36 वर्षों की सेवाओं को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की।

डॉ. प्रियांश वासनिक ने कहा कि श्री सोनवाने ने विपरीत परिस्थितियों में भी पशुपालकों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने टीकाकरण, बधियाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान जैसे महत्वपूर्ण अभियानों में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। प्रभारी पशु औषधालय साडरा ए.के. नारनौरे ने बताया कि श्री सोनवाने के सेवानिवृत्त होने से साडरा औषधालय में पशु परिचारक का पद रिक्त हो गया है। वर्तमान में कृषक कल्याण वर्ष, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम, क्षीर धारा ग्राम योजना, पशु चिकित्सा शिविर, एफ एमडी राउंड-7, केसीसी संतृप्तिकरण एवं कामधेनु योजना जैसे महत्वपूर्ण कार्य संचालित हैं, जिन्हें सीमित स्टाफ के साथ संचालित करना चुनौतीपूर्ण हो रहा है।

कार्यक्रम में एम.के. आसटकर, वाय.के. लिल्हारे, सौरभ उइके,अभय वाकड़े, आदित्य उदयपुरे, कु. आकांक्षा कुराहे, शुभम पारधी, राजेंद्र प्रसाद येडे सहित पशु संजीवनी एवं मैत्री गौसेवक दल के सदस्य उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में युवराज सोनवाने ने सभी साथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नव-नियुक्त कर्मचारियों को पशुसेवा को धर्म मानकर कार्य करने की प्रेरणा दी।

समारोह के अंत में युवराज सोनवाने जी को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन सौरभ उइके द्वारा किया गया।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत , दूसरा घायल तेज गति, लापरवाही से बढ़ रही दुर्घटनाएं..







जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क हादसों की श्रृंखला में शनिवार 23 मई को एक और दर्दनाक घटना जुड़ गई। तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक युवक की जिंदगी छीन ली, जबकि दूसरा युवक घायल होकर अस्पताल पहुंच गया।***

हादसा इतना भयावह था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा- तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर लगभग 11:30 बजे लांजी-सालेटेकरी मार्ग पर एमपी 50 जेड एच 7053 क्रमांक की बाइक अनियंत्रित होकर बकरामुंडी क्षेत्र स्थित कटंगनाले पुल के पिलर से जा भिड़ी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक के पीछे बैठे अजय दख्खनवार पिता शंकर उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी धामनगांव, महाराष्ट्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा संजय झरिया पिता ईश्वरी प्रसाद उम्र 25 वर्ष निवासी मूंडघुसरी, छत्तीसगढ़ घायल हो गया। बताया जा रहा है कि दोनों युवक नागपुर से अपने गांव मूंडघुसरी लौट रहे थे। मृतक अजय दख्खनवार, घायल संजय झरिया के दोस्त संदीप विश्वकर्मा का जीजा बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक काफी तेज गति में थी और पुल के पास चालक नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद बाइक सीधे पुल के मजबूत पिलर से जा टकराई। हादसे में संजय झरिया ने हेलमेट पहन रखा था, जिससे उसकी जान बच गई और उसे अपेक्षाकृत कम चोटें आईं। वहीं पीछे बैठे अजय दख्खनवार के सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर मर्चुरी में रखवाया है।

परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है। लगातार सामने आ रहे सडक़ हादसे एक बार फिर यातायात नियमों की अनदेखी, तेज रफ्तार और नशे में वाहन चलाने की गंभीर तस्वीर सामने ला रहे हैं। हर गुजरते दिन के साथ सडक़ें खून से लाल हो रही हैं, लेकिन लोग अब भी सबक लेने को तैयार नजर नहीं आ रहे। बहरहाल उक्त घटना पर लांजी पुलिस के द्वारा मर्ग पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# पर्यावरण संरक्षण जागरूकता के लिए पोस्टर का हुआ विमोचन..





जगप्रेरणा लांजी।

***महावीर इंटरनेशनल लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश महाकौशल जोन रीजन 9 के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जन को जागरूक करने के उद्देश्य से महावीर इंटरनेशनल द्वारा पर्यावरण***

संरक्षण विषय पर पोस्टर का भव्य विमोचन ग्राम मोहझरी में गुरुदेव सेवा मंडल एवं महावीर इंटरनेशनल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर झंकार किरनापूरे अध्यक्ष एकल अभियान, गुलाबचंद खोबरागडे, सरपंच श्रीमती मनीषा संतोष नाकतोडे,प्रकाश आठोड़े, लक्की मेहरकर, गुरुदेव सेवा मंडल मोहझरी, राम कृष्ण हरि मंदिर के सदस्य, महावीर इंटरनेशनल के सदस्यों की उपस्थित में 23 मई को बेनर, पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर गुरुदेव सेवा मंडल मोहझरी द्वारा आस पास और क्षेत्र के बच्चों को 20 दिवसीय शिविर आयोजित किया जिसमें उन्हें तबला, हारमोनियम, और शारीरिक गतिविधि और उनके व्यक्ति विकास को लेकर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उपस्थित सभी के द्वारा पर्यावरण संबंध में पेड़-पौधों के संरक्षण, जल बचाव एवं स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी नागरिकों से पर्यावरण बचाने हेतु सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। पेड़ लगाएं जीवन बचाएं, स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करे , गौ माता के लिए भोजन, पक्षियों के लिए सकोरे आदि अन्य सभी गतिविधियों को लेकर मार्गदर्शन दिया गया।

शिक्षा सेमिनार गतिविधियों पर बच्चों के लिए शिक्षा मटेरियल का वितरण किया गया जिसका लाभ बच्चों को हो । हमारा उद्देश्य लांजी क्षेत्र में बच्चे तरक्की करे, आगे बढ़े। क्योंकि शिक्षा ही एक माध्यम जिससे आप की तरक्की हो। इस अवसर पर प्रमोद नखाते, इंद्र कुमार भुते, जगन्नाथ दादू नकतोडे, प्रदीप अग्रवाल, फणींद्र दुरुगकर, नंदू बिलावर, आंचल कालबेले एवं महावीर इंटरनेशनल लांजी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# विद्यार्थी सिख रहे तकनीकी ज्ञान, भविष्य में मिलेगा रोजगार का लाभ..






जगप्रेरणा लांजी।

***शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेमनी के विद्यार्थियों को रोजगार मुखी शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से इन दिनों OJT (On Job Role Training) प्रदान की जा रही है।***

यह प्रशिक्षण लांजी स्थित बालाजी आईटीआई में कराया जा रहा है, जहां छात्र-छात्राएं तकनीकी कार्यों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न तकनीकी विषयों की जानकारी दी जा रही है, जिनमें मुख्य रूप से-

विद्यालय में नियमित रूप से सोलर पैनल की जांच एवं प्रायोगिक कार्य कराए जाते हैं। विद्यार्थियों को सोलर पैनल की संरचना, उसकी कार्यप्रणाली तथा ऊर्जा उत्पादन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया जाता है। छात्र स्वयं सोलर पैनल को जोड़कर उसके वोल्टेज एवं आउटपुट की जांच करना सीखते हैं। इस प्रकार उन्हें नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण व्यवहारिक अनुभव प्राप्त हो रहा है।

वर्तमान समय में सोलर ऊर्जा का महत्व लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रहा है। वायरिंग प्रैक्टिस के दौरान विद्यार्थियों को घरेलू एवं औद्योगिक वायरिंग की जानकारी दी जाती है। उन्हें स्विच, बोर्ड, मीटर एवं अन्य विद्युत उपकरणों को सुरक्षित तरीके से जोड़ने और संचालन की प्रक्रिया सिखाई जाती है। छात्र विभिन्न प्रकार की वायरिंग तकनीकों का अभ्यास कर रहे हैं, जिससे उनमें तकनीकी दक्षता विकसित हो रही है। सुरक्षा के सभी आवश्यक नियमों की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी जाती है ताकि वे भविष्य में सुरक्षित रूप से कार्य कर सकें।

फैन इंस्टॉलेशन एवं रिपेयरिंग प्रशिक्षण भी विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस गतिविधि में छात्र पंखे को सही तरीके से लगाना, उसकी खराबियों को पहचानना तथा आवश्यक मरम्मत कार्य करना सीखते हैं। फैन वाइंडिंग और मोटर वाइंडिंग जैसी तकनीकी प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को इलेक्ट्रिकल क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के लिए सक्षम बना रहा है। छात्र स्वयं उपकरणों को खोलकर उनकी आंतरिक संरचना को समझते हैं और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उन्हें पुनः सही तरीके से जोड़ना सीखते हैं।

तथा अन्य आईटीआई से संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण शामिल हैं। यह प्रशिक्षण अनुभवी ट्रेनरों द्वारा विद्यार्थियों को व्यवहारिक तरीके से दिया जा रहा है, जिससे उन्हें भविष्य में रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। प्रशिक्षण के दौरान छात्र-छात्राएं मशीनों एवं उपकरणों को स्वयं संचालित कर तकनीकी ज्ञान हासिल कर रहे हैं।

विद्यालय की ओर से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मार्गदर्शन प्राचार्य जैनेन्द्र कुमार बेदरे द्वारा किया जा रहा है। वहीं विद्यालय के व्यावसायिक प्रशिक्षक **Rewa Mane** विद्यार्थियों को लगातार प्रेरित एवं मार्गदर्शित कर रहे हैं। इस प्रकार की **OJT** ट्रेनिंग से विद्यार्थियों में तकनीकी दक्षता विकसित हो रही है तथा वे भविष्य के लिए आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

# रोहिणी नक्षत्र में सूर्य प्रवेश के साथ बढ़ेगी तपिश, नौतपा शुरू 25 मई से..



जगप्रेरणा लांजी।

***जेठ की प्रचंड गर्मी अब और भयंकर रूप लेने वाली है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार 25 मई 2026 से 2 जून तक नौतपा का सिलसिला शुरू***

हो रहा है। इन नौ दिनों में सूर्य देव रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे, जिसके चलते धरती तप उठेगी। लांजी क्षेत्र सहित पूरे बालाघाट-मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप देखने को मिल सकता है। स्थानीय मौसम विशेषज्ञों और प्रशासन से बात की तो पता चला कि इस बार नौतपा सामान्य से ज्यादा तीव्र रहने की आशंका है।

लांजी, लांजी तहसील के आसपास के गांवों में दिन का तापमान 43 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक बाहर निकलना जोखिम भरा साबित हो सकता है।

## लांजी के किसानों में चिंता का माहौल..

लांजी क्षेत्र मुख्य रूप से धान, सब्जी उत्पादन के लिए जाना जाता है। नौतपा के दौरान खेतों में नमी तेजी से सूख जाएगी। जिले के कृषि अधिकारीयों ने कहा कि किसानों को सलाह दी गई है कि वे सुबह जल्दी सिंचाई करें और खेतों में हल्की छाया वाली फसलों की ओर ध्यान दें। पशुओं के लिए भी छाया और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

## स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में..

लांजी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने चेतावनी जारी की है। हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और लू लगने के मामले बढ़ सकते हैं। खासकर बच्चे, बुजुर्ग और खेतों में काम करने वाले मजदूर सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।

## डॉक्टरों की सलाह:

दोपहर 12 से 4 बजे तक घर से बाहर न निकलें। खूब पानी पिएं, नारियल पानी, छाछ और ओआरएस का सेवन करें। हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनें। सिर पर गीला कपड़ा रखें या छाता इस्तेमाल करें।

# नगर में आवारा कुत्ते का आतंक, सुबह टहलने निकले बुजुर्ग के चेहरे पर किया हमला..





जगप्रेरणा लांजी।

***नगर में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार सुबह घूमने निकले 75 वर्षीय बुजुर्ग रामदयाल बड़गैया पर एक लावारिस कुत्ते ने अचानक हमला बोल दिया।***

कुत्ते ने उनके आंख के ठीक नीचे काट लिया, जिससे चेहरा खून से लथपथ हो गया। घटना लोधी मोहल्ले निवासी गायत्री परिवार से संबंधित रामदयाल बड़गैया की है। शनिवार 23 मई की सुबह वे नियमित सुबह की सैर के लिए राजा रानी तालाब की पार पर पहुंचे थे। तभी अचानक एक आवारा कुत्ता उन पर टूट पड़ा। कुत्ते ने सीधे आंख के नीचे दांत गड़ा दिए। बुजुर्ग चीख उठे। उनकी चीख सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े, जिससे कुत्ता भाग निकला और उनकी जान बच गई। लोगों का कहना है कि अगर कुत्ते ने गले पर हमला किया होता तो यह घटना और भी गंभीर रूप ले सकती थी। बुजुर्ग को तुरंत घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया गया।

## आवारा कुत्तों का बढ़ता खतरा..

लांजी नगर परिषद क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सुबह-शाम घूमने निकलने वाले बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्थानीय लोग काफी चिंतित हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर परिषद की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि नगर परिषद लांजी तुरंत आवारा कुत्तों को पकड़ने, उनका टीकाकरण करवाने और उन्हें सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के लिए उचित कदम उठाए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## सुप्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंग श्री घृष्णेश्वर, शनि शिंगणापुर, भद्रा हनुमान एवं शिरडी अधिवेशन (एक संस्मरण)

हिन्दी साहित्य भारती अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन गत दिनों महाराष्ट्र की आध्यामिक एवं धार्मिक नगरी शिरडी में सानंद संपन्न हुआ।महाराष्ट्र प्रदेश वैसे भी अनेकों संतों, साधुओं महात्माओं एवं छत्रपति महाराजाओं की भूमि माना जाता है।जहां समर्थ स्वामी रामदास, संत तुकाराम, साईबाबा, गजानन महाराज, बाबा ताज, बाबा फरीद जैसे प्रसिद्ध व्यक्तित्व हुए वहीं वीर छत्रपति साहूजी महाराज, संभाजी , शिवाजी जैसे महाराजाओं ने सनातन वैदिक धर्म संस्कृति एवं साम्राज्य का ध्वज फहराया।जहां ज्योतिबा फुले जी एवं मां सावित्री फुले जैसे समाज सुधारक हुए।वहीं संविधान के निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर जैसे महामानव की कर्म भूमि महाराष्ट्र प्रदेश रहा।देश की प्रथम महिला राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा पाटिल भी इसी प्रदेश की मातृ शक्ति थीं।

ऐसे विलक्षण प्रतिभाओं से भरपूर प्रदेश में हिंदी साहित्य भारती जैसी अंतर्राष्ट्रीय संस्था का पांचवां राष्ट्रीय अधिवेशन 16, 17, 18 मई 2026 को साई बाबा शिक्षण संस्थान के विशाल सभागृह में उत्तर प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के विद्यालयों में वंदे मातरम गान अनिवार्य रूप से लागू करने के परिप्रेक्ष्य में मंत्री पद त्याग देने वाले देश के वीर रस के कवि एवं भारतीय सनातन वैदिक धर्म के संवाहक डा रवींद्र शुक्ल की अध्यक्षता , विख्यात भारतीय पुलिस सेवा के अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी कृष्णा जी के संयोजन में आयोजित किया गया ।देश के लगभग 18 राज्यों के कवि, कवयित्री, लेखक, कहानीकार साहित्यकार, हिंदी भाषा साहित्य, संस्कृत भाषा साहित्य, गुजराती, मराठी, तेलगु, कन्नड़, मलयालम, बुंदेली, अवधी, छत्तीसगढ़ी, आदि भाषा ,बोली के विद्वान ,हिन्दी प्रेमी , सनातन धर्म के प्रति आस्थावान समर्पित सज्जनों ने हिंदी साहित्य भारती के मुख्य ध्येय ÷मानव बन जाए जग सारा ÷को पूर्णतः साकार करने हेतु संकल्पित प्रयास किया।इसी आयोजन में विश्व की सबसे बड़ी तांबा की खदान नगरी मलाजखंड ,एवं मैग्नीज खदान भरवेली के साथ ही बाघों की धरती बालाघाट जिला एवं मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने प्रांत अध्यक्ष महाकौशल मैं स्वयं (प्रणय श्रीवास्तव ÷अश्क÷), हमारे प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ल सहज, जिला अध्यक्ष अशोक सागर मिश्र, कोषाध्यक्ष अमरसिंह ठाकुर, कवयित्री सरिता कोहिनूर, युवा कार्यकर्ता रोकड़े एवं शलभ जी, उनकी पत्नी वर्षा डोंगरे एवं सागर जिले के प्रतिनिधि डा.सुधीर तिवारी जी सहित नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने समय का सदुपयोग करते हुए कुछ पल साईं बाबा जी के मंदिर में दर्शन हेतु निकाल लिया ।वर्तमान में श्री साईं मंदिर में भक्तों को दर्शनार्थ सुविधा की दृष्टि से वरिष्ठ नागरिकों के लिए पृथक व्यवस्था होने से ज्यादा समय नहीं लगा।साईं बाबा मंदिर दर्शन के पश्चात अधिवेशन समापन के दिवस हम पांच प्रतिनिधि क्रमशः प्रणय श्रीवास्तव अश्क, अशोक सागर मिश्र, अमरसिंह ठाकुर, शलभ जी, वर्षा डोंगरे जी विश्व विख्यात शनि शिंगणापुर देव स्थान के दर्शनार्थ विशेष चौपहिया वातानुकूलित वाहन से प्रस्थान हुए ।शनि शिंगणापुर में आज भी घरों दुकानों में ताला नहीं लगाने की परंपरा प्रचलित होने का दृश्य आश्चर्य जनक था।भगवान शनि देव को तेल चढ़ाने हमें पांच सौ रुपये प्रति सदस्य शुल्क भुगतान कर रसीद प्राप्त करना पड़ा।इसमें भक्त स्वयं भगवान शनि देव की मूर्ति पर अपने हाथों से तेल अभिषेक करते हैं।जो पांच सौ रुपए शुल्क भुगतान नहीं करते वे बाजू में बने छ त्रियों में तेल एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर सकते हैं।लेकिन स्वयं के हाथों से मूर्ति पर तेल चढ़ाने का आनंद ही कुछ और था। पूजन सामग्री में श्री फल यानी नारियल तो प्रवेश द्वार पर ही संग्रहित कर लिया गया था।शनि यंत्र, घोड़े की नाल के आकार का

लोहे का टुकड़ा आदि भक्त बड़ी श्रद्धा के साथ अपने घर ले आते हैं। यही आस्था एवं ईश्वर पर विश्वास है।

वापसी में विशुद्ध गन्ना रस का स्वाद सभी ने चखा।यहाँ रास्ते भर गन्ना रस, जैविक गुड, आंवला कैंडी, नीबू आचार, आदि की दुकानें और बैलों द्वारा गन्ना पीरने का कार्य आकर्षित करता है।रास्ते में एक भव्य शिव मंदिर दर्शन का लाभ भी हम सभी ने लिया ।रात्रि लगभग 8. 30 बजे द्वारावती भक्त निवास पर हम सभी पहुंचे जहां हमारे विश्राम की उत्तम सुविधापूर्ण व्यवस्था हिन्दी साहित्य भारती परिवार ने की थी।उसी दिन हमारे साथी राजेंद्र शुक्ल सहज एवं अशोक सागर मिश्र विशेष निजी बस से शिरडी से नागपुर के लिए प्रस्थान हो गए उन्हें हमारे बाल सखा अनुज तिवारी जफर की तेरहवीं के कार्यक्रम में भी उपस्थित होना आवश्यक था।अगले दिन मै स्वयं एवं हमारे साथी अमर सिंह ठाकुर, शलभ जी ( चंद्र शेखर डोंगरे) एवं वर्षा डोंगरे जी के साथ प्रातःकाल 8 बजे शिरडी के बस स्थानक पहुंचे तो वहां पर कवयित्री सरिता सिंघई कोहिनूर पूर्व से ही उपस्थित थीं ।उन्होंने पूर्व में बताया था कि वे मुंबई जाने वालीं हैं किंतु श्री घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शनार्थ उन्होंने अपना कार्यक्रम परिवर्तित कर दिया।कुछ ही देर बाद हमे औरंगाबाद जिसे वर्तमान में श्री संभाजी नगर के नाम से जाना पहचाना जाता है के लिए महाराष्ट्र परिवहन निगम की बस मिल गई। करीब एक बजे हम सभी श्री संभाजी नगर बस स्थानक पर थे।जहां हमसे मिलने चंद्र शेखर डोंगरे के भांजे स्वयं मिलने आए।मामा मामी को देखकर बहुत खुश था भांजा। खुशी में दोपहर के जायकेदार भोजन की व्यवस्था भांजे ने एक शानदार होटल में कर दिया। भूखे तो थे ही ना नहीं कह सके। भोजन कर श्री संभाजी नगर से 42 नम्बर वाली बस से भद्रा हनुमान जी के दर्शनार्थ निकल पड़े रास्ते भर ऐतिहासिक इमारतों के अवशेष देख कर छत्रपति संभाजी महाराज एवं शिवाजी महाराज के साम्राज्य की शौर्य स्वाभिमान की बातें याद आने लगी तभी ÷ भद्रा वाले उत्तर जाओ ÷ सुनकर हम सभी श्री हनुमान जी दर्शन हेतु उत्तर गए। विश्राम की मुद्रा में भव्य आकर्षक श्री हनुमान जी की प्रतिमा के दर्शन कर आनंदित हुए।इससे पूर्व एक स्टाल में बर्फके मीठे रंगीन गोले का आनंद लिए तो बचपन के दिन याद आ गए।इसी स्थान पर एक हनुमान भक्त ठण्डा मीठा दूध वितरित कर रहे थे ।तेज गर्मी में दूध पीकर सभी तृप्त हुए।कुछ छायांकन भी किये अपने अपने चलितभाष से।इसके पश्चात पुनः 42 नम्बर की बस के इंतजार के साथ ही बिही (जाम) का स्वाद भी चख रहे थे कि बस आ गई।बस में सवार होकर हम सब एक घंटे में

एलोरा स्थित विश्व के 12 वें ज्योतिर्लिंग श्री घृष्णेश्वर महादेव मंदिर के सामने बस स्टॉप पर उतर चुके थे। सभी ने जीवन में पहली बार बारहवें ज्योतिर्लिंग बाबा घृष्णेश्वर महादेव के दर्शन कर ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त किया। बाबा घृष्णेश्वर की महान कृपा से यह यात्रा भीषण गर्मी के कारण कुछ कष्ट प्रद होने के उपरांत भी सुविधा जनक हुई।ज्यादा देर दर्शन पंक्ति में खड़ा नहीं रहना पड़ा ।संभाजी नगर के लिए पुनः रवाना हो गए हम सब।संध्या छः बजे वापस संभाजी नगर आ गए।

मैं और अमर सिंह ठाकुर दोनों संभाजी नगर रेलवे स्टेशन से मनमाड के लिये रेल मार्ग से प्रस्थान हुए ।मनमाड में रात्रि विश्राम कर दूसरे दिन लगभग ,तीन बजे भारी गर्मी के बावजूद वातानुकूलित डिब्बे में सवार होकर लोकमान्य तिलक टर्मिनल से हटिया विशेष रेल से रात भर की यात्रा कर ब्रह्ममुहुर्त में 21 मई को गोंदिया पहुंचे तो जानकारी मिली कि बालाघाट जाने वाली सभी रेल दो दिनों के लिए रद्द हो चुकी हैं।

जो भी होता है ईश्वर की कृपा और मर्जी से होता है मानकर यात्रियों की भारी भीड़ से भरी बस से हम दोनों अपने बारह नदियों के घाट बालाघाट पहुंचे। मुझे तो बालाघाट की संस्कार धानी , सर्वाधिक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो की भूमि वारासिवनी तक आने के लिए पुनः दूसरी बस में बैठना पड़ा।इस तरह हम कलमकारों की यह स्मरणीय बहुउद्देशीय यात्रा एक सफल यादगार यात्रा रही।।

**प्रणय श्रीवास्तव 'अश्क' वारासिवनी**

## वक्त की पुकार..

आपस में सबका प्रेम बढ़े
वक्त की यही पुकार है।
मरते हुए को जीवन देता,
कहते उसको प्यार है।

धर्म अलग हैं, पंथ अलग हैं,
अलग नहीं तन काया।
तन के भीतर मन जो चंचल
रहता है भरमाया।
व्यर्थ विवादों में वह भटके
हासिल कुछ न होता।
अंत यही परिणाम वो पाता,
पछताता और रोता।
मानव तन जो मिला हमें,
उसका एक ही सार है।
मरते हुए को जीवन देता,
कहते उसको प्यार है।

जब आपस में प्यार बढ़ेगा,
रुकेगी मारामारी।
बिना प्यार के छायी जगत में
युद्ध की है लाचारी।
मरें- कटें सब आपस में
फिर भी न समझ हैं पाते।
पल- पल झगड़े- झांसे- झंझट
के बादल मंडराते।
अखबारों में अपराधों की दिन
प्रतिदिन भरमार हैं।
मरते हुए को जीवन देता कहते
उसको प्यार है।।

**शशि तिवारी**

## गर्मी है..

तपन का हो अहसास
तो समझो गर्मी है
लगने लगी हो
प्यास तो
समझो गर्मी है
ठंडा पीने का जब
जब मन करता हो
कोई बुझा दे प्यास
तो समझो गर्मी है

बिन एसी
कूलर पंखा न
रह पाए तो
समझो गर्मी है
मच्छर भून भून
करते
पास आए तो
समझो गर्मी है
बिकने आए तरबूज खरबूजा
खीरा तो समझो
गर्मी है
बिक जाएं
कोक लस्सी
जलजीरा तो
समझो गर्मी है

लदे हुए हो
आम पेड़ की
साँखों पर तो
समझो गर्मी है
धूल के कण जाते
जलन
आँखों पर तो
समझो गर्मी है

लेखक



**किशोर छिपेश्वर 'सागर', बालाघाट**

## अबढारौ..

रुप माँग नारद मुनि,
बनन चले ते कान्त।
जब बँदरा कौ तन मिलौ,
भय अबढारे सान्त।।

अबढारे जिन जाव जू,
बिन बुलाँय ससरार।
हुयै हलकपन आपकौ,
कडै न कौनउँ सार।।

ईसुर सें बिनती करें,
चरनन लोटे जाँय।
अबढारें मोखौं दियौ,
दूध मलाई खाँय।।

लगन लगाऔ राम सें,
कबहुँ न टोरौ आस।
अबढारे गय ते प्रभू,
शबरी माँ के पास।।

अबढारे सबरे सखा,
कान्हा के सँग जाँय।
मिल कें लूटें गोपियाँ,
मिल कें माखन खाँय।।

**रामानन्द पाठक नन्द**

यदि आप प्रतिदिन दैनिक समाचार पत्र प्राप्त करना चाहते हैं तो कृपया मो. 9329033433 पर संपर्क करें।

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 173

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | ■ | ■ | 5 | | 6 | ■ | 7 | 8 | ■ | 9 | | 10 | 11 | | | 12 |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | ■ | | ■ | 16 | | | | | ■ | ■ | 17 | | ■ | ■ | |
| | ■ | 18 | | 19 | | 20 | | 21 | | ■ | 22 | | ■ | 23 | 24 | | ■ | 25 | 26 | ■ |
| 27 | 28 | ■ | 29 | | | | ■ | 30 | | 31 | | ■ | 32 | ■ | | ■ | 33 | | | 34 |
| 35 | | 36 | | ■ | | ■ | 37 | | ■ | | ■ | 38 | | 39 | | 40 | | ■ | 41 | |
| ■ | 42 | | ■ | 43 | ■ | 44 | | ■ | 45 | | 46 | | ■ | 47 | | | | ■ | ■ | |
| 48 | | | 49 | | | ■ | ■ | 50 | ■ | 51 | | | ■ | 52 | | | ■ | 53 | ■ | |
| 54 | | ■ | | ■ | ■ | 55 | 56 | | 57 | | ■ | 58 | 59 | | ■ | ■ | 60 | | | |
| 61 | | ■ | 62 | | 63 | ■ | 64 | | | ■ | 65 | | | | 66 | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 67 | 68 | | ■ | | ■ | | ■ | 69 | 70 | | ■ | | ■ | 71 | | 72 | ■ | 73 | ■ |
| 74 | ■ | | ■ | 75 | ■ | 76 | ■ | 77 | | | ■ | 78 | | 79 | | ■ | 80 | 81 | | |
| 82 | 83 | | 84 | | 85 | | | | ■ | ■ | 86 | | ■ | | ■ | ■ | 87 | | | ■ |
| 88 | | ■ | 89 | | | | ■ | 90 | 91 | | | | 92 | ■ | 93 | 94 | | | ■ | 95 |
| ■ | 96 | 97 | | ■ | | ■ | 98 | | | ■ | 99 | | | 100 | ■ | | ■ | 101 | 102 | |
| 103 | | | ■ | 104 | | 105 | ■ | 106 | | 107 | | ■ | 108 | | | | 109 | ■ | 110 | |
| | ■ | 111 | | | ■ | 112 | | | ■ | | ■ | 113 | | | ■ | 114 | | | ■ | |

ck;s ls nk;s & 1) उपचार 4) चाय (अंग्रेजी ) 5) भोग, देवता को चढ़ाई जानेवाली वस्तु 7) धूल, मिट्टी 9) नेकी, सज्जनता 13) उपहार 16) लगन से काम करनेवाला 17) प्रत्येक 18) प्राचीन कालीन चार राजनीतिक उपाय 22) पिता के पिता 23) विश्व हिन्दु परिषद के एक नेता का कुलनाम 25) देने की क्रिया, खैरात 27) चरण, पैर 29) जनता का आदेश 30) नाश्ता, हलका भोजन 33) शोकाकुल, दुःखी 35) नष्ट 37) उजड़ा, निर्जन 38) फिल्म 'भागमभाग', 'दे दनादन', 'हेराफेरी' के एक चरित्र अभिनेता 41) सांप 42) सीमा 44) समाप्ति 45) मलाई 47) दया 48) हत्या करना 51) कमल 52) बकरी का मांस 54) गीला 55) कटोरियों में पानी भरकर हलका आघात किया जानेवाला वाद्य 58) बूंद बूंद गिरना 60) प्रेम 61) रास्ता 62) सुंदरी 64) पुष्प रज 65) खींचतान 67) फूलों के बीच के महीन तन्तु 69) चीनी की चाशनी का टुकड़ा जिस पर सफेद तिल चिपकाया होता है 71) ताश के पत्तों की संख्या 77) दृष्टि 78) लकड़ी आदि का जलना 80) एक पुराने प्रसिद्ध कृष्णभक्त मुस्लिम कवि 82) पुराने भारतीय जनसंघ के एक दिवंगत अध्यक्ष 86) मातम 87) ऊंचे स्थान से नीचे आ गिरना 88) घमंड 89) फौरन 90) कृतघ्न 93) दबाना, कुढ़ना 96) कागज या लकड़ी को लगनेवाला कीडा 98) विचारणीय विषय, समस्या 99) रात को किया गया जागरण 101) उदास 103) अनुकरण 104) एक ऋतु 106) योग्यता (उर्दू) 108) किसी पक्ष की दूसरी तिथी को दिखाई देनेवाला चांद 110) सुखी जमीन 111) व्यर्थ, बेमतलब 112) सामर्थ्य 113) देह 114) भीत, भित्ती

Åij ls uhps & 1) क्रान्ति (उर्दू) 2) शरम 3) थोड़ासा 5) भयंकर, बहुत अधिक वेगवान 6) कीचड़युक्त जमीन 7) कुटूंब, कुल 8) कपड़े पर किया गया बेलबुट्टे का काम 10) राजा का निवास 11) पुरुष 12) दलील 14) नामांकित 15) महाराष्ट्र के एक प्रसिद्ध पुराने संत 19) कण 20) दांत से काटने की क्रिया21) प्रेषित करना 24) घबराने की क्रिया 25) मूल्य 26) रत्न 28) भिन्न भिन्न किस्म के 31) पान मसाले की एक उत्पादन कंपनी 32) ..... जमीं पर... आमिर खान की एक फिल्म 33) अशुद्ध 34) नगर पालिका 36) मेघ 37) धागा 38) लालन पालन 39) लज्जाजनक 40) कै, उलटी 43) पांव 46) मियां बीवी राजी तो क्या करेगा ...... 48) टुकड़ा 49) अदाकार 50) डर, भय, जोखिम 53) छोटा भाई 56) आग की लौ 57) कपड़े रंगनेवाला 59) जिसका तल या सतह बराबर हो 63) श्रीरामचन्द्रजी के वानर सेना का एक सेनापति 65) श्रृंखला, जंजीर 66) प्रसिद्ध फिल्मी संवाद लेखक, गीतकार जावेद अख्तर की अभिनेत्री पत्नि का नाम 68) एक तार वाद्य 70) दूल्हा 72) राज कपूर की फिल्म 'आवारा', 'चोरी चोरी' की नायिका 73) दर्शना, दिखलाना 74) मुसलमानों का एक प्रसिद्ध हज तीर्थ 75) पलटने की क्रिया 76) समान तलवाला, चिकना 77) आंसू 78) 'साक्रेटिस का हिन्दी करण, एक प्रसिद्ध ग्रीक दार्शनिक 79) ईख 81) पत्र पर लिखा जानेवाला पता या शीर्षक (उर्दू) 83) समीप 84) मांगनेवाला 85) भेंट 86) कीर्ती 91) मसालों के लिये प्रसिद्ध एक एशियायी देश 92) श्रमिकों का मेहनताना 94) दो प्रसिद्ध मूल्यवान धातु 95) हाथों से हलका दबाना 97) घिसना 100) एक किस्म का मीठा कंद 102) जवानी (अंग्रेजी) 103) फायदा 104) सन्देह 105) सांस 107) ऋण 109) औषधी (जवाब अगले अंक मे)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नि | रा | म | य | ■ | त | ह | की | का | त | ■ | म | न | मो | द | क | ■ | का | र | ना | मा |
| रा | जी | ■ | ■ | ब | ल | ■ | म | ■ | र | क्ष | क | ■ | ग | ह | र | ना | ■ | ■ | ■ | र्जा |
| द | व | द | ह | न | ■ | क | या | म | त | ■ | रा | स | ली | ला | ■ | ग | ■ | सु | अ | र |
| र | ■ | ह | ल | वा | ई | ■ | गा | ■ | म | हा | स | त्य | ■ | ■ | सं | प | दा | ■ | मा | ■ |
| ■ | पा | श | ■ | री | ■ | शा | र | दा | ■ | ■ | न | शी | ला | ■ | वा | द | ■ | म | नु | ष्य |
| पु | रा | त | न | ■ | वा | स | ■ | व | च | न | ■ | ल | ल | का | र | ■ | पि | यू | ष | ■ |
| ■ | श | ■ | व | र | दा | न | ■ | त | ■ | म | त | ■ | न | र | ना | ह | ■ | रा | ■ | कु |
| भ | र | ता | ग्र | ज | ■ | वा | र | ■ | ज | न | वा | द | ■ | ण | ■ | र | भ | स | ■ | रु |
| ज | ■ | रा | ह | ■ | स | ह | सा | न | न | ■ | य | या | ति | ■ | उ | प | व | न | ■ | क्षे |
| न | र | म | ■ | वृं | ■ | क | त | रा | ■ | क | फ | नि | ■ | म | दा | ल | सा | ■ | अ | त्र |
| ■ | ■ | ती | रं | दा | ज | ■ | ल | स | दा | र | ■ | धी | रो | दा | त्त | ■ | ग | ज | ब | ■ |
| ड | फ | ■ | ■ | व | ल | य | ■ | न | ■ | त | न | ■ | ग | र | ■ | श | र | ब | त | ■ |
| ■ | रे | गि | स्ता | न | ■ | म | द | ■ | म | ल | य | ■ | का | ■ | फां | क | ■ | र | ब | डी |
| स | ब | ■ | व | ■ | म | न | म | ति | ■ | ■ | न | ग | र | वा | सी | ■ | मा | द | क | ■ |
| ला | ■ | आ | क | ल | न | ■ | न | त | पा | ल | ■ | म | क | र | ■ | दा | ■ | स्त | र | ■ |
| ह | जा | म | ■ | त | न | हा | ■ | ली | ■ | स | ज्ज | न | ■ | द | या | व | ती | ■ | ना | मी |

anumeya-08446302691





# FIFA World Cup से पहले रोनाल्डो का रोने का VIDEO हुआ वायरल, तीन साल की कड़ी मेहनत अब लाई रंग..

डेस्क जगप्रेरणा।

***एक तरफ जहां खेल प्रेमियों को 12 जून से शुरू होने वाले फीफा वर्ल्ड कप 2026 के शुरू होने का इंतजार काफी बेसब्री से है तो वहीं इसी बीच दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी 41 साल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रोते हुए एक वीडियो सामने आया है।***

फुटबॉल वर्ल्ड कप से ठीक पहले रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में अल-नस्र क्लब की तरफ से खेलते हुए उसे पहला खिताब जिताने में 22 मई को सफल हुए। रोनाल्डो इस मुकाबले में जीत के बाद मैदान पर काफी भावुक दिखाई दिए जिसमें वह अपनी भावनाओं को काबू में नहीं रख सके और रोने लगे। दरअसल क्रिस्टियानो रोनाल्डो इस क्लब के साथ साल 2023 में जुड़े थे, जिसमें टीम लगातार खिताब जीतने से चूक रही थी लेकिन अब तीन साल के लंबे इंतजार के बाद रोनाल्डो अपनी टीम को विजेता बनाने में कामयाब रहे हैं।

### अल नस्र ने दमाक को 4-1 से मात देकर हासिल की पहली पोजीशन..

सऊदी प्रो लीग में अल नस्र क्लब जिसका हिस्सा क्रिस्टियानो रोनाल्डो हैं उनका 22 मई को रियाद के अलअव्वल पार्क में दमाक से मुकाबला था। इस मैच का पहला गोल खेल के 33वें मिनट में अल नस्र की तरफसे सादिओ माने ने किया तो वहीं 51वें मिनट में दूसरा गोल किंग्सले कोमन की तरफ से आया जिसके दम पर अल नस्र ने 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। दमाक की तरफ से मुकाबले का पहला गोल 57वें मिनट में मोर्ले स्लैया की तरफ से और मैच 2-1 पर आ गया। यहां से क्रिस्टियानो रोनाल्डो का जादू देखने को मिला जिन्होंने मुकाबले को एकतरफा करने में अहम भूमिका अदा की और खेल के 62वें और फिर 80वें मिनट में गोल करने के साथ अल नस्र को 4-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। अल नस्र ने इस मैच में जीत के साथ सऊदी प्रो लीग 34 मैचों में 86 अंकों के साथ पहली पोजीशन को हासिल किया और इस सीजन एक भी मुकाबला नहीं हारने वाली अल-हिलाल क्लब से 2 अंकों की बढ़त भी बना ली। इस सीजन में क्रिस्टियानो रोनाल्डो 29 गोल करने में कामयाब रहे।



### अब फीफा वर्ल्ड कप में रोनाल्डो पर रहेगी सभी की नजरें..

अल नस्र को उसका पहला सऊदी टाइटल जिताने के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो जहां काफी भावुक दिखाई दिए तो वहीं अब सभी की नजरें आगामी फुटबॉल वर्ल्ड कप पर हैं, जिसमें वह पहली बार पुर्तगाल को चैंपियन बनाने में कामयाब हो पायेंगे या नहीं। पुर्तगाल की टीम को फीफा वर्ल्ड कप 2026 में ग्रुप-K में जगह मिली है जिसमें उसे अपना पहला मुकाबला 17 जून को खेलना है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो अभी फुटबॉल की दुनिया में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं जिसमें उनके नाम कुल 974 गोल दर्ज हैं।

# बेटे की फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर भावुक हो गए डेविड धवन, फैन्स के ही सामने बहने लगी आंखें..

डेस्क जगप्रेरणा।

***आज शनिवार को वरुण धवन की फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का मुंबई में ट्रेलर लॉन्च किया गया। इस खास मौके पर वरुण धवन के पिता और इस फिल्म के डायरेक्टर डेविड धवन भी मौजूद रहे।***



अपने करियर में दर्जनों फिल्में डायरेक्ट कर चुके डेविड अपने बेटे की फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर भावुक हो गए और उनकी आंखें छलक पड़ीं। इसका वीडियो भी सामने आया है और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मौके पर यहां फिल्म की दोनों हीरोइन मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े भी मौजूद रहीं।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो..

ट्रेलर लॉन्च इवेंट से डेविड धवन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें उन्हें फूट-फूटकर रोते हुए दिखाया गया है। यह भावुक क्षण वरुण धवन की वजह से हुआ। डेविड ने कहा, 'एक अभिनेता के रूप में वरुण लगातार बेहतर होते रहेंगे, वह आपकी इच्छा के अनुसार कोई भी भूमिका बखूबी निभाएंगे। लेकिन एक बेटे के रूप में वह वाकई असाधारण हैं।' जब मैं बीमार था, तब वो अस्पताल में हर पल मेरे साथ थे।' डेविड ने आगे बताया कि वरुण उनकी कितनी परवाह करते हैं, यह जानकर निर्देशक की आंखों में आंसू आ गए। अपने पिता को रोते देख वरुण धवन भी भावुक हो गए।

### 5 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म..

है जवानी तो इश्क होना है फिल्म 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वरुण धवन के अलावा, इस फिल्म में मृणाल ठाकुर, पूजा हेगड़े, मौनी रॉय, जिमी शेरगिल, मनीष पॉल, चंकी पांडे, राकेश बेदी और अली असगर जैसे दिग्गज एक्टर रंग जमाते नजर आने वाले हैं। फिल्म को वरुण के पिता डेविड धवन ने ही डायरेक्ट किया है।

### पहले ही दे चुके हैं सुपरहिट फिल्म..

बता दें कि डेविड धवन और उनके बेटे वरुण पहली बार साथ काम नहीं कर रहे हैं। इससे पहले दोनों हिट फिल्म भी दे चुके हैं। इस फिल्म का नाम था मैं तेरा हीरो और ये फिल्म साल 2014 में रिलीज हुई थी। ये फिल्म कमाई के मामले में हिट रही थी और सिनेमाघरों के बाद छोटे पर्दे पर भी काफी पसंद की गई थी।

इसके बाद वरुण ने अपने पिता के डायरेक्शन में जुड़वा 2, कुली नंबर 1 में भी काम किया है। अब दोनों एक बार फिर साथ काम कर रहे हैं। अब 5 जून को देखने को मिलेगा कि ये जोड़ी एक बार फिर क्या कमाल दिखा पाती है।

# गुरिंदरवीर ने रोमांचक दौड़ में अनिमेष कुजूर से छीना 100 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***गुरिंदरवीर सिंह ने शनिवार को राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता के ऐतिहासिक दूसरे दिन पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में कमाल का प्रदर्शन करते हुए 10.09 सेकंड के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया।***



उन्होंने एशिया में इस सत्र का दूसरा सबसे तेज समय दर्ज किया और अपने चिर प्रतिद्वंद्वी अनिमेष कुजूर को चौंकाते हुए पीछे छोड़ा। इस प्रतियोगिता में गुरिंदरवीर और पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अनिमेष के बीच 100 मीटर की दौड़ में सबसे तेज भारतीय धावक बनने का मुकाबला भारतीय एथलेटिक्स में हमेशा याद रखा जाएगा।

सौ मीटर फर्राटा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनने के 30 मिनट के भीतर एक और राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया। तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व कर रहे 22 वर्षीय विशाल पिछले साल चेन्नई में 45.12 सेकंड के समय के साथ पुरुषों की 400 मीटर दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने के बाद से ही सबसे चर्चित भारतीय एथलीटों में से एक रहे हैं।

उन्होंने शनिवार को 44.98 सेकंड के शानदार समय के साथ अपनी स्थिति को और मजबूत किया और 45 सेकंड से कम समय में दौड़ पूरी करने वाले पहले भारतीय बन गए।

उन्होंने इस प्रक्रिया मेंभारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा निर्धारित 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के क्वालीफाइंग समय 44.96 सेकंड को पार कर लिया। इसके साथ ही उनका 44.98 सेकंड का समय एशियाई शीर्ष सूची में भी शीर्ष पर रहा, जो अप्रैल में 45.16 सेकंड का समय लेने वाले अम्मार इस्माइल इब्राहिम से आगे निकल गया। तमिलनाडु के एक अन्य एथलीट, राजेश रमेश ने 45.31 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि उत्तर प्रदेश के जय कुमार 45.47 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

ओडिशा का प्रतिनिधित्व कर रहे अनिमेष पिछले साल बनाए गए 10.18 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय के साथ प्रतियोगिता में प्रबल दावेदार थे। लेकिन शुक्रवार को पहले दिन 25 वर्षीय गुरिंदरवीर ने शुरुआती सेमीफाइनल हीट में इसे 10.17 सेकंड तक कम कर दिया।

इसके महज पांच मिनट बाद, 22 वर्षीय अनिमेष ने दूसरे सेमीफाइनल हीट में 10.15 सेकंड का समय निकालकर नाटकीय परिस्थितियों में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड वापस हासिल कर लिया। इससे शुक्रवार को पुरुषों की 100 मीटर दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड कुछ ही मिनटों के भीतर दो बार टूटा।

रिलायंस फाउंडेशन का प्रतिनिधित्व कर रहे पंजाब के धावक गुरिंदरवीर ने फाइनल में जीत हासिल की और 10.10 सेकंड से कम समय में दौड़ने वाले पहले भारतीय धावक बन गए। इस प्रक्रिया में उन्होंने अनिमेष से 0.11 सेकंड तेज दौड़ लगाई और अपने युवा प्रतिद्वंद्वी से कम से कम दो फीट आगे फिनिश लाइन पार की। रिलायंस फाउंडेशन के ही प्रणव गुरव 10.29 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। गुरिंदरवीर ने एएफआई द्वारा निर्धारित 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के क्वालीफाइंग समय 10.16 सेकंड को पार कर लिया। उनका 10.09 सेकंड का समय इस सत्र में अब तक किसी एशियाई द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे तेज समय है, जो मई में 19 वर्षीय जापानी धावक फुकुतो कोमुरो द्वारा बनाए गए 10.08 सेकंड के बाद है।

# सांवले रंग के कारण झेला रिजेक्शन, फिर एक रोल ने चमका दी किस्मत, टाइपकास्ट होने के डर से एक्ट्रेस ने छोड़ा हिट शो..

डेस्क जगप्रेरणा।

***टेलीविजन इंडस्ट्री में कई खूबसूरत चेहरे नजर आए, जिनमें से कुछ मशहूर हो गए तो कोई गुमनामी की जिंदगी जी रहा है। चकाचौंध की दुनिया में अपनी पहचान बनाने का हर किसी को मौका मिलता है,***



लेकिन किस्मत उसकी चमकती है जो कड़ी मेहनत कर अपने काम में लगा रहता है और जबरदस्त दौलत-शोहरत कमाने में कामयाब हो पाता है। टीवी जगत में हर साल कई लड़कियां एक्ट्रेस बनाने का सपना लेकर आती है, जिसमें से कुछ रातों-रात स्टार बन जाती है। खेर, इस तस्वीर में दिख रही ये लड़की वो एक्ट्रेस हैं, जिसने अपने पहले शो में लीड रोल प्ले किया और टीवी स्टार बन गईं। इस एक्ट्रेस ने 'सपना बाबुल का बिदाई' में रागिनी का किरदार निभाकर सभी का दिल जीत लिया।

### पहला हिट शो देने वाली ये एक्ट्रेस कौन हैं?

हम बात कर रहे हैं टीवी की सबसे चर्चित एक्ट्रेस पारुल सिंह चौहान कीं। बिना किसी गॉडफादर पारुल ने अपनी एक अलग पहचान बनाई। एक वक्त था, जब उन्हें उनके सांवले रंग और दुबलेपन के कारण रिजेक्ट कर दिया गया था। हालांकि, जब उन्हें मौका मिला तो उन्होंने अपने पहले टीवी शो से ही दर्शकों का दिल जीत लिया। पारुल चौहान ने छोटे पर्दे पर कई तरह के रोल निभाए हैं, जिनके लिए उन्हें खूब पसंद किया गया। पारुल सिंह चौहान के पति का नाम चिराग ठक्कर है, जो पेशे से एक एक्टर और मॉडल हैं।

### एक्ट्रेस को उम्रदराज किरदार निभाना नहीं पसंद..

ढाई साल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में स्वर्णा मनीष गोयंका का रोल निभाने वाली पारुल चौहान ने टाइपकास्ट होने के डर से इस हिट टीवी शो को छोड़ दिया था। 38 साल की पारुल ने खुद इस बात का खुलासा किया है। उन्होंने टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि वे शो में दादी का रोल नहीं करना चाहतीं, इसलिए उन्हें इसे अलविदा कहने का फैसला लिया। उन्होंने यह भी कहा था कि उन्हें टाइपकास्ट होने का डर था।

### लोगों के प्यार ने बदल दी पारुल चौहान की जिंदगी..

'बिदाई', 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' और 'धर्म युद्ध गरुड़' जैसे शानदार सीरियल में नजर आ चुकी एक्ट्रेस पारुल ने हाल ही में एक वीडियो अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे करियर की शुरूआत में उन्हें अपने सांवले रंग के करण रिजेक्शन झेलना पड़ा है। इस वीडियो में वह काफी स्टाइलिश और खूबसूरत लग रही हैं। वीडियो में एक्ट्रेस कहती हैं, 'सबने मुझे क्या बोला था कि मेरा रंग इतना साफ नहीं है कि मुझे लीड मिल सके 2006 और 20 साल किसी भी ऑडिशन के लिए जाउ घुम फिर कर एक ही बात पर आ जाती है कि टैलेंट तो है, लेकिन लीड है न आपका रंग।' आगे कहा, 'रिजेक्शन फेस करना किसी भी चीज के लिए जिसमें मेरा कंट्रोल नहीं था। उस उम्र में मेरा दिल टूट गया फिर क्या था अपने मेरे हर शो और किरदार को बहुत प्यार दिया। आज मैं जैसी हूं खुश हूं।'

# राष्ट्रमंडल खेलों के लिये 2029 तक तैयार हो जायेगा बुनियादी ढांचा..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***राष्ट्रमंडल खेल 2030 की तैयारी में जुटे अहमदाबाद में बुनियादी ढांचा एक साल पहले तैयार करने पर फोकस है और आईपीएल फाइनल की तैयारी में जुटे नरेंद्र मोदी स्टेडियम को केंद्र में रखकर इसके इर्द गिर्द 335 एकड़ क्षेत्र में तीन नये परिसर तैयार किये जा रहे हैं।***



अहमदाबाद के नारनपुरा में 825 करोड़ की लागत से 20 एकड़ में फैले वीर सावरकर परिसर का उद्घाटन पिछले साल ही हो चुका है जबकि सरदार वल्लभभाई पटेल खेल एंक्लेव और कराइ में गुजरात पुलिस अकादमी में निर्माण कार्य 2028 से 2029 के बीच पूरा हो जायेगा। वीर सावरकर खेल परिसर के प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी भौमिक ओझा ने यहां बताया, 'हमने तीन साल के भीतर इतना बड़ा परिसर तैयार कर लिया जिसकी मई 2022 में आधारशिला रखी गई थी । इसलिये हमें यकीन है कि राष्ट्रमंडल खेलों के लिये हम समय से पहले पूरी तैयारी कर लेंगे।'

उन्होंने कहा ,'यहां पिछले साल राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैम्पियनशिप और एशियाई एक्वाटिक्स चैम्पियनशिप हो चुकी है और प्रसारण, डोपिंग रोधी उपायों, सुरक्षा उपायों सभी को ध्यान में रखकर इसे तैयार किया गया है । यह राष्ट्रमंडल खेलों के संभावित वेन्यू में से है लेकिन यह आने वाले समय में पता चलेगा कि यहां कौन से खेलों की स्पर्धायें होंगी।' गुजरात खेल विभाग के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल खेल एंक्लेव में नरेंद्र मोदी स्टेडियम के पास एक्वाटिक सेंटर, टेनिस सेंटर और मल्टीपरपज एरेना तैयार किया जा रहा है ।

अधिकारी ने बताया, '12000 की दर्शक क्षमता वाला एक्वाटिक सेंटर 2029 की दूसरी तिमाही में तैयार हो जायेगा । वहीं टेनिस सेंट तीसरी तिमाही में तैयार होगा जिसकी क्षमता 24000 रहेंगी । मल्टीपरपज ( कई खेलों के लिये इस्तेमाल होने वाला इंडोर परिसर) एरेना भी 2029 की तीसरी तिमाही में तैयार होगा जिसकी क्षमता 18000 दर्शकों की होगी ।'

इसके अलावा इस परिसर में राष्ट्रीय खेल उत्कृष्टता संस्थान बनाने का भी प्रस्ताव है। अधिकारी ने आगे बताया, 'कराइ में 143 एकड़ में गुजरात पुलिस अकादमी में एथलेटिक्स स्टेडियम सितंबर 2028 तक तैयार होगा जिसकी क्षमता 50000 रहेगी । वहीं 5000 की क्षमता वाला परिसर और हाई परफार्मेंस सेंटर भी इसी अवधि में तैयार होगा । इंडोर और आउटडोर रेंज वाला निशानेबाजी केंद्र मार्च 2029 में तैयार होगा जिसकी दर्शक क्षमता 4000 रहेगी।'

राष्ट्रमंडल खेलों में हॉकी की स्पर्धायें आईआईटी गांधीनगर या गांधीनगर स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर होगी जिसके बारे में फैसला जून के आखिर तक लिया जायेगा। अधिकारी ने बताया,'पुरूष क्रिकेट की स्पर्धा नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर होगी जिसे विश्व कप फाइनल और आईपीएल फाइनल जैसे बड़े आयोजनों की मेजबानी का अनुभव है ।इसके अलावा वडोदरा में भी कुछ मैच कराये जा सकते हैं।' ओझा ने बताया कि राष्ट्रमंडल खेलों से पहले 2029 में विश्व पुलिस और दमकल खेलों के जरिये तैयारी को अंतिम रूप मिल जायेगा चूंकि इन खेलों में 70 से अधिक देशों के भाग लेने की उम्मीद है और भारत में इनका आयोजन पहली बार हो रहा है ।

# 12 साल पहले रिलीज हुई फिल्म जिसने 2 न्यूकमर्स को बना दिया बॉलीवुड स्टार, आज भी इस डेब्यू को नहीं भूले लोग..

डेस्क जगप्रेरणा।

***आज से ठीक 12 साल पहले एक फिल्म रिलीज हुई थी जिसमें 2 न्यूकमर्स ने डेब्यू किया था। ये फिल्म रिलीज होते ही कमाल करने में सफल रही थी और दोनों लीड एक्टर्स को स्टार बना गई थी।***



ये दोनों लीड एक्टर्स आज बॉलीवुड के सुपरहिट स्टार्स बन गए हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म और इस जोड़ी को लोग आज तक नहीं भूले नहीं हैं। ये फिल्म कोई और नहीं बल्कि 'हीरोपंती' थी जो साल 2014 में रिलीज हुई थी। आज इस फिल्म ने 12 साल पूरे कर लिए हैं।

### सुपरहिट रही थी फिल्म..

2014 में रिलीज़ हुई 'हीरोपंती' को टाइगर श्रॉफ के लिए एक बड़े लॉन्च के तौर पर पेश किया गया था। यह फिल्म एक्शन, स्टाइल और हीरो वाले पलों पर आधारित थी, जिनका मकसद बॉलीवुड के एक नए तरह के एक्शन स्टार को पेश करना था। टाइगर अपने हाई-एनर्जी स्टंट्स, शानदार डांस मूव्स और उस समय के आम डेब्यू कलाकारों से बिल्कुल अलग स्क्रीन प्रेजेंस के साथ आए।

दूसरी ओर, कृति सैनन ने इंडस्ट्री में एक सौम्य और सहज अंदाज में प्रवेश किया। उन्हें न तो एक्शन स्टार के रूप में और न ही एक दमदार परफॉर्मर के रूप में पेश किया गया। इसके बजाय, वह स्क्रीन पर ताजा, स्वाभाविक और देखने में आसान लगीं, जिसने उन्हें उस फिल्म में अलग पहचान बनाने में मदद की जो अन्यथा बहुत शोरगुल वाली और स्टाइलिश थी। फिल्म कमाई के मामले में भी सुपरहिट रही थी।

### पहली ही फिल्म से हिट हो गए थे टाइगर श्रॉफ..

हीरोपंती के बाद, टाइगर श्रॉफ ने बॉलीवुड में बहुत जल्द ही अपनी एक अलग पहचान बना ली और वो पहचान थी एक्शन। उन्होंने धीरे-धीरे इसे नहीं अपनाया, बल्कि शुरुआत से ही इसे पूरी तरह से स्वीकार कर लिया। उनका अगला बड़ा कदम 2016 में आई फिल्म बागी के साथ आया, जिसने उन्हें एक पूर्ण एक्शन स्टार के रूप में स्थापित कर दिया और उनकी शारीरिक क्षमताओं पर आधारित एक सफल फ्रैंचाइजी को जन्म दिया। पिछले कुछ वर्षों में, टाइगर अपने कलाबाजी भरे फाइट सीक्वेंस, फ्लिप, किक और शारीरिक अनुशासन के लिए जाने जाने लगे, जिसने उन्हें उनके समकालीन कई अभिनेताओं से अलग पहचान दिलाई। आज दोनों डेब्यू एक्टर्स का सिक्का चलता है और बॉलीवुड के बड़े स्टार्स में गिने जाते हैं।






विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# एटीएम लेनदेन की नाकामी पर रकम न लौटाने पर बैंक को मुआवजा देने का आदेश




नई दिल्ली, (भाषा)।

***एक स्थानीय उपभोक्ता अदालत ने एटीएम से लेनदेन नाकाम रहने के बावजूद खाताधारक को कई महीनों तक रकम नहीं लौटाए जाने पर एक बैंक को 10,000 रुपये लौटाने के साथ अतिरिक्त मुआवजा और कानूनी खर्च भी देने का आदेश दिया है।***


जिला उपभोक्ता विवाद निपटान आयोग ने बैंक ऑफइंडिया को 'सेवा में कमी' का दोषी ठहराया। बैंक एटीएम से नकदी न निकलने के बावजूद शिकायतकर्ता को रकम वापस करने में नाकाम रहा था।

आयोग के अध्यक्ष दिव्य ज्योति जयपुरियार और सदस्य रश्मि बंसल की पीठ ने 22 मई को जारी आदेश में कहा, ''देरी से रकम वापस करने पर मुआवजे से संबंधित रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों का मकसद सिर्फ असफल एटीएम लेनदेन से जुड़ी शिकायतों का जल्द समाधान करना और ग्राहक के पैसे की तुरंत वापसी सुनिश्चित करना ही नहीं है, बल्कि ग्राहक को मुआवजा देना भी है। यह इसलिए किया जाता है ताकि असफल एटीएम लेनदेन की शिकायतों में लापरवाही पर बैंकों की जवाबदेही तय की जा सके।''

उत्तरी दिल्ली के जहांगीरपुरी की निवासी शिकायतकर्ता चंदा ने 26 मई, 2022 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एक एटीएम से 10,000 रुपये निकालने की कोशिश की थी। हालांकि एटीएम लेनदेन अस्वीकृत हो गया और कोई नकदी नहीं निकला, फिर भी बैंक ऑफइंडिया के उनके खाते से रकम कट गई थी।

शिकायतकर्ता ने बैंक से संपर्क कर सात जून, 2022 को एक शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने रकम वापस करने की मांग की। हालांकि, बार-बार गुहार लगाने के बावजूद यह पैसा उनके खाते में जमा नहीं किया गया। आयोग ने पाया कि नोटिस दिए जाने के बावजूद दोनों बैंक उसके सामने पेश नहीं हुए, जिसके बाद उनके खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की गई। असफल एटीएम लेनदेन को नियंत्रित करने वाले रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों को आधार बनाते हुए उपभोक्ता आयोग ने कहा कि बैंकों को ऐसे असफल लेनदेन को पांच दिनों के भीतर लौटाना जरूरी है। ऐसा न करने पर, देरी के लिए ग्राहक को 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मुआवजा देना होगा।

# इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर क्षेत्र में राजस्थान के भीतर अपार संभावनाएंः वैष्णव



जयपुर, (भाषा)।

***केंद्र और राजस्थान सरकार ने प्रोत्साहन, नीतिगत समर्थन एवं बुनियादी ढांचे पर जोर देते हुए शनिवार को राज्य को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर विनिर्माण के एक प्रमुख गंतव्य के रूप में पेश किया***

और निवेशकों से इकाइयां स्थापित करने का आग्रह करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राजस्थान में इस क्षेत्र में 'अपार संभावनाएं' हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण ने तीव्र वृद्धि दर्ज की है।

उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में करीब 450 कारखानों की आधारशिला रखी गई है, जबकि पिछले एक वर्ष में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) के तहत 75 कारखानों को मंजूरी दी गई है।

वैष्णव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ एक संवाद सत्र में शिरकत करते हुए कहा कि 'डबल इंजन' सरकार निवेशकों को पूरा सहयोग देगी। उन्होंने निवेशकों से विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए स्पष्ट लक्ष्य तय करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विस्तार से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर उत्पादन करने वाले चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है और 76,000 करोड़ रुपये से अधिक के प्रोत्साहन पैकेज के साथ इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन तेजी से आगे बढ़ रहा है।

शर्मा ने कहा कि भिवाड़ी में 50 एकड़ में फैला राज्य का पहला सेमीकंडक्टर क्लस्टर शुरू हो चुका है, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता करीब छह करोड़ चिप की है। अब तक करीब 20 कंपनियों से 1,200 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

मुख्यमंत्री ने राज्य के 'ट्रिपल-एस' लाभ (सिलिका, कौशल और सौर ऊर्जा) का उल्लेख करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के लिए विशेष नीति और पूंजी सब्सिडी एवं ब्याज सहायता जैसे वित्तीय प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र और कांकणी को 'राजस्थान की सिलिकॉन वैली' के रूप में विकसित किया जा रहा है। राजस्थान के उद्योग मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने इस मौके पर कहा कि डिजिटल युग में सेमीकंडक्टर आर्थिक आत्मनिर्भरता और वैश्विक शक्ति संतुलन की रीढ़ बन चुके हैं और राजस्थान इस मिशन में अहम भूमिका निभाने की स्थिति में है।

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर क्षेत्र पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, निवेशकों और विशेषज्ञों ने शिरकत की।

# राजस्थान सरकार ने सरकारी खर्च पर विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगाया



जयपुर, (भाषा)।

***राजस्थान सरकार ने वित्तीय संसाधनों के कुशल प्रबंधन एवं सार्वजनिक व्यय में अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाते हुए सरकारी खर्च पर विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया है।***

वित्त विभाग (आय-व्ययक अनुभाग) ने इस बारे में एक विस्तृत परिपत्र जारी किया है। इसमें खर्च को तर्कसंगत बनाने के लिए कई कदम बताए गए हैं जिसमें मंत्रियों और अधिकारियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले वाहनों की संख्या को सीमित करना और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देना शामिल है।

परिपत्र के अनुसार, सरकार के पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहनों को चरणबद्ध तरीके से ईवी में बदला जाएगा। पहले चरण में उन अधिकारियों के लिए केवल ईवी खरीदे जाएंगे, जिनका अधिकांश कामकाज शहर के भीतर ही होता है।

इसके अलावा, एक ही स्थान पर जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को वाहन साझा करने को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकार ने यह भी अनिवार्य किया है कि सरकारी कार्यक्रम सरकारी भवनों में ही आयोजित किए जाएं तथा खर्च कम करने के लिए बैठकों का आयोजन यथासंभव ऑनलाइन के माध्यम से किया जाए।

सरकार ने टिकाऊ कार्य प्रणाली अपनाने पर भी जोर दिया है। विभागों से 'पीएम सूर्य घर योजना' के तहत छतों पर सौर पैनल लगाने को प्रोत्साहित करने और प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने को कहा गया है।

यूरिया के उपयोग में कमी और उर्वरकों के संतुलित इस्तेमाल को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे।

परिपत्र के अनुसार, इन निर्देशों के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों की होगी। हालांकि, विशेष परिस्थितियों में वित्त विभाग इन नियमों में छूट दे सकेगा।

# मई में मजबूत बनी हुई है निर्यात वृद्धि की रफ्तारः गोयल



नई दिल्ली, (भाषा)।

***वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि मई के पहले तीन सप्ताह के दौरान देश के निर्यात में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। गोयल ने कहा कि वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल के माहौल के बावजूद***

भारत निर्यात और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में बेहतर वृद्धि दर्ज करते हुए लगातार वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा, ÷मैंने पिछले तीन सप्ताह के निर्यात आंकड़े देखे हैं। अप्रैल में जो वृद्धि दर देखने को मिली थी, वह मई में भी जारी है। हमने अनेक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मजबूती दिखाई है।÷

अप्रैल में देश का निर्यात 13.78 प्रतिशत बढ़कर 43.56 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो चार वर्ष से अधिक समय में मासिक आधार पर सबसे ऊंचा स्तर है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में हुई बढ़ोतरी इसका प्रमुख कारण रही। हालांकि, आयात बढ़ने से देश का व्यापार घाटा तीन महीने के उच्च स्तर 28.38 अरब डॉलर पर पहुंच गया। गोयल ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में एफडीआई बढ़कर रिकॉर्ड 95 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 17 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक निवेशकों के लिए पसंदीदा निवेश गंतव्य बना हुआ है, इसलिए आने वाले वर्षों में भी यह वृद्धि जारी रहने की संभावना है।

गोयल ने कहा, ÷सरकार ने लागत का बड़ा बोझ खुद उठाया है, खासकर उर्वरकों की बढ़ी कीमतों के मामले में किसानों पर इसका भार नहीं डाला गया और पूरा खर्च केंद्र सरकार ने वहन किया है।÷

वाणिज्य मंत्रालय मई महीने के निर्यात-आयात के आधिकारिक आंकड़े 15 जून को जारी करेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के लिए लगातार नई पहल भी कर रही है। इसके साथ सरकार कुछ क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए भी प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि सरकार घरेलू विनिर्माण, औद्योगीकरण तथा देश में घरेलू एवं विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए पहले ही कई कदम उठा चुकी है।

गोयल ने कहा, ÷हम आत्मनिर्भरता बढ़ाने से जुड़ी चुनौतियों का लगातार समाधान कर रहे हैं, खासकर उन क्षेत्रों में जहां हमारी आपूर्ति शृंखला कुछ विशेष भौगोलिक क्षेत्रों पर अत्यधिक निर्भर है। बजट में घोषित प्रावधानों के अनुरूप कुछ क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रस्तावों पर काम किया जा रहा है।÷

# पश्चिम एशिया संघर्ष का असर दो महीने से अधिक नहीं रहेगाः सज्जन जिंदल..



नागपुर, (भाषा)।

***जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का असर दो महीने से अधिक नहीं रहेगा और उद्योगों के बड़े पूंजीगत व्यय के दम पर भारत की वृद्धि की कहानी जारी रहेगी।***

भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) नागपुर के 10वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि बनकर आए जिंदल ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उद्योग लंबी अवधि की योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

उन्होंने वित्त वर्ष 2026-27 में पूंजीगत खर्च को लेकर अपनी उम्मीदों और निवेश पर पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभावों के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया का संघर्ष भारत की औद्योगिक वृद्धि के लिए एक छोटा सा झटका है। उन्होंने कहा, ''हालांकि, हर कोई समझता है कि यह अस्थायी है। यह एक हफ्ते या एक महीने में, या अधिक-से-अधिक दो महीने में खत्म हो सकता है।''

जिंदल ने कहा कि उद्योग बहुत लंबी अवधि के लिए योजनाएं बनाते हैं, जो कि 20, 25 या 50 साल तक की हो सकती हैं। उन्होंने कहा, ''इसलिए, भारत की वृद्धि की यात्रा जारी रहेगी। उद्योगों द्वारा भारी पूंजीगत खर्च किया जा रहा है। अब पूंजीगत खर्च की गति बढ़ रही है क्योंकि ज्यादातर कंपनियों के बहीखाते बहुत मज़बूत हैं।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विदेशी मुद्रा बचाने के आह्वान में उद्योगों की भूमिका पर पूछे गए सवाल पर जिंदल ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' पहल ही विदेशी मुद्रा बचाने में मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उन प्रमुख पहलों में से एक हैं जिन्हें जेएसडब्ल्यू ग्रुप, तेल आयात कम करने और ई-परिवहन की ओर बदलाव को प्रोत्साहित करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप आगे बढ़ा रहा है।

जिंदल ने बताया कि उनका ग्रुप नागपुर में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सेल और बैटरी बनाने पर काम कर रहा है। गढ़चिरौली में जेएसडब्ल्यू के प्रस्तावित 2.5 करोड़ टन क्षमता वाले इस्पात संयंत्र के बारे में जिंदल ने कहा कि यह बड़ा इस्पात परिसर स्थापित करने के लिए एक स्वाभाविक जगह है, क्योंकि यह लौह अयस्क की खदानों के करीब है। ये खदानें नक्सलवाद के कारण कई वर्षों तक 'बंद' पड़ी थीं।

# शिकागो एक्सचेंज में गिरावट के असर से आयातित तेल की कीमतें टूटी



नई दिल्ली, (भाषा)।

शिकागो एक्सचेंज में शुक्रवार देर रात की गिरावट के असर से खाद्य तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन जैसे आयातित तेलों के दाम गिरावट के साथ बंद हुए।

देश में सोयाबीन प्लांट द्वारा सोयाबीन तिलहन का खरीद दाम बढ़ाने के असर से सोयाबीन तिलहन, कम उपलब्धता के कारण बिनौला तेल और आवक घटने के बीच मांग बढ़ने से सरसों तेल-तिलहन के दाम में सुधार आया। कमजोर कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर बने रहे।

बाजार सूत्रों ने कहा कि शनिवार को अधिकांश बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कारोबार बंद रखने की वजह से बाजार में कामकाज काफी कम रहता है। शुक्रवार देर रात शिकागो एक्सचेंज की गिरावट का असर शनिवार को सोयाबीन तेल, सीपीओ एवं पामोलीन जैसे आयातित खाद्यतेलों पर दिखा जिसमें पर्याप्त गिरावट आई। अब इन खाद्यतेलों की आगे की दिशा सोमवार के कामकाज से पता लगेगा।

दूसरी ओर, सोयाबीन के तेल-रहित खल की अच्छी स्थानीय मांग है। इस वजह से मध्य प्रदेश में सोयाबीन के सबसे बड़े सतना प्लांट वालों द्वारा सोयाबीन तिलहन का दाम 7,700 रुपये क्विंटल करने के साथ साथ देश में कई अन्य स्थानों पर सोयाबीन के खरीद दाम बढ़ाये जाने और महाराष्ट्र के लातूर प्लांट द्वारा यह सोयाबीन का खरीद दाम 7,890 रुपये क्विंटल करने से सोयाबीन तिलहन के दाम में सुधार आया।

मांग बढ़ने के बीच लगभग नगण्य उपलब्धता के कारण बिनौला तेल में भी सुधार रहा। 15 मई के बाद सरसों की मंडियों में आवक कम होने लगती है। आगे अचार कंपनियों की ओर से सरसों की मांग बरसात में बढ़ेगी। जिस वजह से सरसों तेल-तिलहन के दाम भी मजबूत बंद हुए।

सूत्रों ने कहा कि शनिवार के कमजोर कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर बने रहे।

बाजार सूत्रों ने कहा कि किसानों को तिलहनों के अच्छे दाम मिलने का सिलसिला आगे भी जारी रहा तो देश तेल-तिलहन उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भरता की तरफ कदम बढ़ा सकता है।

तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहेः

सरसों तिलहन - 7,625-7,650 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,725-7,200 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 16,000 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,545-2,845 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 15,650 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,575-2,675 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,575-2,720 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,900 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,850 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,310 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,975 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,850 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,875 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,725 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,625-7,675 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 7,275-7,350 रुपये प्रति क्विंटल।

|| श्री जीणमाता की जय ||
|| जय गुलाब बाबा नमः ||
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)



विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433

# एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-97 में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन..

## ड्रिल प्रतियोगिता, अनुशासन प्रशिक्षण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कैडेट्स ने दिखाई प्रतिभा..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***एनसीसी के दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-97 में शनिवार को दिनभर विविध गतिविधियों का आयोजन उत्साह एवं अनुशासन के साथ किया गया।***

शिविर की शुरुआत प्रातः कालीन पीटी एवं योगा से हुई, जिसके बाद नियमित एनसीसी कक्षाओं का संचालन किया गया। कक्षाओं में कैडेट्स को मैप रीडिंग तथा वर्दी पहनने के सही तरीके की जानकारी दी गई। एनसीसी अधिकारियों

एवं प्रशिक्षक हवलदार रामदेव, नायक रजनीश तथा विनय कुमार के मार्गदर्शन में ड्रिल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जूनियर विंग वर्ग में चार्ली कंपनी एवं जूनियर डिवीजन वर्ग में ब्रेवो कंपनी विजेता रही। विजेता टीमों को कैंप कमांडेंट द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान कैडेट्स को अनुशासन एवं स्वच्छता का महत्व भी समझाया गया।

उन्हें कमरे को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं अनुशासित ढंग से रखने का प्रशिक्षण दिया गया। सायंकालीन सत्र में आकर्षक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के कैडेट्स ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट विद्यालय बैहर ने तृतीय स्थान, सेंट मैरी इंग्लिश स्कूल ने द्वितीय स्थान तथा प्रधानमंत्री जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं साकेत स्कूल की एक कैडेट को स्पेशल अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

विजेताओं को कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता द्वारा मेडल प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन कैंप एडजुटेंट हेमंत कुमार मंडाले, कैप्टन राजेंद्र सिंह कुशराम, लेफ्टिनेंट गजानन कटरे, मुख्य एनसीसी अधिकारी ओम एम. खोण्ड, द्वितीय एनसीसी अधिकारी कल्पना थोंबरे, संदीप रामटेक्कर, विश्वेश्वर रंगारे, अभिजीत महोबे एवं नवीता मैथ्यू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# घर में आग लगने से 3 मासूम बच्चे जिंदा जले, तड़प-तड़पकर तोड़ा दम; बाहर से बंद था दरवाजा..



डेस्क जगप्रेरणा।

***मध्य प्रदेश के सीधी जिले के जमोड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम काशीहवा में शनिवार दोपहर एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया।***

घर में अचानक लगी भीषण आग की चपेट में आने से तीन मासूम बच्चों की जिंदा जलकर मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## शार्ट सर्किट से लगी आग, तड़प-तड़पकर बच्चों ने तोड़ा दम..

जानकारी के अनुसार, हादसा शनिवार दोपहर करीब 1 बजे हुआ। ग्रामीणों के मुताबिक घर के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार में पहले स्पार्किंग हुई, जिससे पास रखे बांस में आग लगी और देखते ही देखते आग ने पूरे कच्चे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। उस समय घर बाहर से बंद था और अंदर तीन छोटे बच्चे मौजूद थे, जो बाहर नहीं निकल सके।

तड़प-तड़पकर बच्चों की जान चली गई। इस दर्दनाक हादसे में डेढ़ वर्षीय रिधि साकेत, 6 वर्षीय धुम्मू उर्फ संध्या साकेत और 3 वर्षीय एक अन्य मासूम की मौत हो गई। तीनों बच्चों के पिता रामरतन साकेत ने बताया कि वह मजदूरी के लिए सीधी शहर गए हुए थे, जबकि बच्चों की मां राशन लेने दुकान गई थी। इसी दौरान गांव के एक व्यक्ति ने उन्हें फोन कर घर में आग लगने की सूचना दी। जब तक वह पहुंचे, तब तक पूरा घर जल चुका था।

## घटना पर पहुंचे जिले के बड़े अधिकारी..

घटना की सूचना मिलते ही जमोड़ी थाना प्रभारी दिव्य प्रकाश त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मौके पर सिटी कोतवाली पुलिस सहित प्रशासनिक अमला भी पहुंच गया। जिला कलेक्टर विकास मिश्रा ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी दिव्य प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला शॉर्ट सर्किट से आग लगने का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भेज दिया गया है। गांव में इस हादसे के बाद शोक और भय का माहौल बना हुआ है।

## मृतकों के परिजनों को दी 6-6 लाख रुपये की आर्थिक सहायता..

वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 23 मई को सीधी जिले के ग्राम कसिहवा में शॉर्ट सर्किट से हुए एक हादसे में तीन बच्चों की मृत्यु हो जाने की घटना का त्वरित संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा है कि घटना अत्यंत ही दुखद एवं हृदय विदारक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर ईश्वर से दिवगतों को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा है कि दुख की इस घड़ी में सरकार परिजनों के साथ है। मुख्यमंत्री ने परिजन के लिए राहत राशि भी घोषित की है। उन्होंने कहा है कि मृत बच्चों के परिजन को राज्य सरकार की ओर से 6-6 लाख रुपये आर्थिक सहायता दी जायेगी। उन्होंने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी, सीधी की ओर से परिजन को 20-20 हजार रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता राशि दे दी गई है।

# बोलेरो से टक्कर के बाद बाइक सवार हवा में उछलकर दूर गिरे

## एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर; गाड़ी चकनाचूर..



डेस्क जगप्रेरणा।

***अजमेर के मसूदा थाना क्षेत्र के किलकों की ढाणी में एक तेज रफ्तार बोलेरो ने लापरवाही से रॉन्ग साइड में आकर बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक हवा में उछलकर दूर जा गिरे।***

हादसे में बाइक सवार एक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे के बाद आरोपी बोलेरो चालक गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया।

## इलाज के दौरान एक मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

जानकारी के मुताबिक, बाइक और बोलेरो की टक्कर में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। दूसरे की हालत नाजुक है। मृतक की पहचान शिवपुरी निवासी प्रहलाद मेघवंशी के रूप में हुई है।

वहीं, दूसरे युवक चेतन मेघवंशी की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका अस्पताल में इलाज जारी है। सूचना मिलने पर पहुंची मसूदा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार बोलेरो चालक की तलाश के साथ मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक्सीडेंट सीसीटीवी में कैद

हादसे की घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। सीसीटीवी में देखा जा रहा है कि तेज रफ्तार बोलेरो बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतना जोरदार थी कि बाइक सवार युवक हवा में उछल पड़े और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।

## सात बदमाश गिरफ्तार..

वहीं, पुलिस ने भरतपुर जिले में गैंगस्टर विनोद पथैना सहित सात बदमाशों को अवैध हथियार, कारतूसों और एक बुलेटप्रूफ जैकेट के साथ गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार भरतपुर की जिला पुलिस और जिला विशेष टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान, हरियाणा

और उत्तर प्रदेश के गैंगस्टर विनोद पथैना के संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मथुरागेट थाने के एक होटल में दबिश देकर पथैना सहित सात बदमाशों को पकड़ा है।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433

# लद्दाख में हादसे का शिकार हुआ भारतीय सेना का चीता लाइट हेलीकॉप्टर..

## 2 पायलट और डिवीजन कमांडर मेजर जनरल घायल..



डेस्क जगप्रेरणा।

***भारतीय सेना का एक चीता लाइट हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। यह घटना बीते 20 मई को लद्दाख सेक्टर में हुई।***

इस हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार दोनों पायलट और डिवीजन कमांडर मेजर जनरल सचिन मेहता जख्मी हो गए, लेकिन अब उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## हादसे की जांच के लिए गठित हुई कमेटी..

सेना के अधिकारियों के मुताबिक, चीता लाइट हेलीकॉप्टर के साथ हुई दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच समिति गठित की गई है। हादसे की वजहों का पता लगाया जा रहा है। गनीमत रही कि इन हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## सैनिकों के आवागमन के लिए इस्तेमाल होता है चीता हेलीकॉप्टर..

जान लें कि यह दुर्घटना लद्दाख के दुर्गम इलाके में हुई, जहां भौगोलिक और मौसम परिस्थितियां अक्सर चुनौतीपूर्ण बनी रहती हैं। भारतीय सेना के चीता हेलीकॉप्टर्स का प्रयोग मुख्य तौर पर सैनिकों और जरूरी सामान को लाने-ले जाने, निगरानी करने और इमरजेंसी मिशन के लिए किया जाता है। इस हादसे के तुरंत बाद रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को हेलीकॉप्टर से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

## जांच में होगी दुर्घटना के कारणों की पुष्टि..

इस दुर्घटना के बाद भारतीय सेना की जांच समिति पूरे घटनाक्रम की विस्तृत रूप से जांच कर रही है। पता लगाया जा रहा है कि यह हादसा टेक्निकल खराबी, मौसम या लैंडिंग के वक्त आई परेशानी, या फिर किसी अन्य वजह से हुआ। सेना की तरफसे कहा गया है कि इस मामले की जांच की रिपोर्ट आने के बाद ही हादसे के सही कारणों की पुष्टि हो पाएगी।

## घायल पायलटों और अधिकारी का चल रहा इलाज..

गौरतलब है कि रणनीतिक रूप से अहम लद्दाख जैसे संवेदनशील इलाकों में सेना के हेलीकॉप्टर, ऑपरेशन और लॉजिस्टिक सपोर्ट में लगातार लगे रहते हैं। ऐसे में इस दुर्घटना को सेना गंभीरता से ले रही है। फिलहाल, घायल पायलटों और डिवीजन कमांडर मेजर जनरल का इलाज चल रहा है और उनकी हालत खतरे से बाहर है।

# न्यूयॉर्क के शिपयार्ड में आग और विस्फोट के कारण एक व्यक्ति की मौत, अन्य 36 घायल..




जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***न्यूयॉर्क शहर के एक शिपयार्ड में शुक्रवार को लगी आग और दो विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार इस घटना में घायल हुए 36 लोगों में अधिकतर दमकलकर्मी और अन्य आपातकालीन सेवाकर्मी हैं। एक आम नागरिक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिस समय दूसरा विस्फोट हुआ दो दमकलकर्मी इमारत के अंदर थे जिससे कि वे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।***

न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने शुक्रवार शाम को संवाददता सम्मेलन में कहा, 'हालात बेहद जटिल है और स्थिति लगातार बदल रही है।' दमकल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी लिलियन बोनसिन्योर ने बताया कि अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे दमकल विभाग को घटना की सूचना दी गई और बताया गया कि शिपयार्ड के पिछले हिस्से में एक तहखाने में दो मजदूर फंसे हैं। उन्होंने बताया कि दमकल व आपातकालीन चिकित्सा दल छह मिनट के अंदर मौके पर पहुंच गए, लेकिन उनके पहुंचते ही एक विस्फोट हुआ, जिसमें कई दमकलकर्मी और कुछ आम नागरिक गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि इस घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। दमकल विभाग के प्रमुख जॉन एस्पोसिटो ने बताया कि पांच दमकलकर्मी और चिकित्सा दल फंसे मजदूरों की तलाश में जुटे थे तभी दूसरा विस्फोट हुआ जिसमें कई और लोग घायल हो गए।

दमकल विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डेविड प्रेजेंट ने बताया कि 'फायर मार्शल' के सिर में गंभीर चोट लगी है और मस्तिष्क में हल्का रक्तस्राव हुआ है, हालांकि उनकी हालत गंभीर लेकिन स्थिर है। ममदानी ने कहा कि आग के कारणों का पता लगाने के लिए जल्द व्यापक जांच शुरू की जाएगी। यह शिपयार्ड कभी बेथलेहम स्टील कंपनी के स्वामित्व में था, जिसने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अमेरिकी नौसेना के लिए जहाज बनाए थे।

# ट्रंप की बेटी इवांका को मारने की साजिश नाकाम, पकड़ा गया IRGC का ट्रेन किया हुआ आतंकी; हुए बड़े खुलासे..



डेस्क जगप्रेरणा।

***ईरान-अमेरिका में जारी टेंशन के बीच एक बड़ी खबर आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप की हत्या की साजिश का खुलासा हुआ है।***

अमेरिकी जांच एजेंसियों के मुताबिक, IRGC से जुड़े एक आरोपी ने इवांका की हत्या की प्लानिंग बनाई थी। पकड़ा गया आरोपी इवांका के घर का नक्शा लेकर घूम रहा था।

## लेना चाहता था कासिम सुलेमानी की मौत का बदला..

बता दें कि आरोपी कथित तौर पर ईरानी सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी की मौत का बदला लेना चाहता था। आरोपी की पहचान मोहम्मद बाकेर अल-सादी के तौर पर हुई है, जो एक इराकी नागरिक है। वो कताइब हिजबुल्लाह नाम के संगठन का सीनियर मेंबर है। कताइब हिजबुल्लाह, अमेरिका में जगह-जगह विस्फोट की तैयारी कर रहा है।

## IRGC के निशाने पर ट्रंप की फैमिली?

बताया जा रहा है कि आतंकी अल-सादी के पास इवांका के घर का पूरा पता था। हमले को लेकर अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। उन्हें अंदेशा है कि ट्रंप की फैमिली के लोगों को निशाना बनाया जा सकता है।

## फ्लोरिडा में इवांका को मारने का था प्लान..

रिपोर्ट के मुताबिक, 32 साल के मोहम्मद बाकेर साद दाऊद अल-सादी ने इवांका ट्रंप को जान से मारने की कसम खाई थी। सूत्रों के अनुसार, उसके पास से एजेंसी को फ्लोरिडा स्थित इवांका ट्रंप के घर का ब्लूप्रिंट भी मिल गया है। अल-सादी का मकसद ड्रोन हमले में मारे गए ईरानी सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी की मौत का बदला लेना था।

## ट्रंप से बदला लेने के लिए बेटी की हत्या की प्लानिंग..

वॉशिंगटन स्थित इराकी दूतावास के पूर्व अधिकारी एंतिफाध कानबार ने न्यूयॉर्क पोस्ट से बताया कि कासिम सुलेमानी की हत्या के बाद अल-सादी लोगों से कहता फिरता था कि

हमें इवांका ट्रंप को मारना चाहिए, ताकि डोनाल्ड ट्रंप के घर को उसी प्रकार से चोट पहुंचाई जा सके, जैसे उन्होंने हमारे घर को पहुंचाई है।

# मथुरा में 'तेरहवीं' का बचा हुआ खाना खाने के बाद 10 गायों की मौत..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मथुरा के एक गांव में ग्राम प्रधान की 'तेरहवीं' कार्यक्रम का बचा हुआ खाना खाने के बाद शनिवार को एक गौशाला में 10 गायों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।***

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनएन शुक्ला ने बताया कि 'तेरहवीं' के बाद बड़ी मात्रा में भोजन बच गया था, जिसे 22 मई को गौशाला के जानवरों को दिया गया था। शुक्ला ने कहा, 'बचा हुआ खाना खाने के बाद कुल 30 गायें एसिडोसिस (शरीर के तरल पदार्थों में एसिड की अधिकता से जुड़ी एक चिकित्सीय स्थिति) के कारण बीमार पड़ गईं। 10 गायों की मौत हो गई।

डॉक्टर अन्य 20 गायों को बचाने में कामयाब रहे, जो अब ठीक हैं।' यह घटना रिफाइनरी पुलिस थाने के तहत आने वाले भैसा गांव में हुई। अधिकारी ने बताया कि ग्राम प्रधान की तेरहवीं 20 मई को थी, जिसके बाद बड़ी मात्रा में बचे हुए खाने को 22 मई को गौशाला में पशुओं को दिया गया। शुक्ला ने कहा कि 10 पशु चिकित्सकों की एक टीम को गायों के उपचार में लगाया गया और उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान, मथुरा के विशेषज्ञों को भी बुलाया गया। उन्होंने बताया कि गायों का पोस्टमार्टम किया गया है और नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं।









जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा ग्रामीण
तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
लक्ष्मीनारायण दुबे तिरोड़ा
मो. 9404304226

देवरी में फ्लाईओवर की मांग के लिए अभूतपूर्व एकता..

# सभी राजनीतिक दल और सर्वधर्म संगठन हुए एकजुट, प्रधानमंत्री को भेजा पत्र..

जगप्रेरणा देवरी।

***देवरी शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रस्तावित फ्लाईओवर (उड्डाणपुल) के डिजाइन में बदलाव कर उसे 'सिंगल कॉलम' (एकेरी खांबा) स्वरूप का करने और फ्लाईओवर की लंबाई बढ़ाने की प्रमुख मांग के लिए देवरी***

के राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने आक्रामक कदम उठाया है। कल, 20 मई को निकाले गए भव्य मोर्चे में सभी धर्मों के लोगों और विभिन्न राजनीतिक दलों ने खुलकर हिस्सा लिया और इस मांग को अपना लिखित समर्थन दिया। इस संबंध में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मांगों का ज्ञापन और समर्थन पत्र भेजा गया है।

## शहर के हित के लिए सभी समाज और दल एक ही मंच पर..

देवरी के इतिहास में पहली बार किसी विकासात्मक मांग के लिए इतनी बड़ी एकजुटता देखने को मिल रही है। इस आंदोलन और मांग की गंभीरता को देखते हुए शहर के करीब 15 प्रमुख राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने आधिकारिक तौर पर अपना समर्थन पत्र देकर इस लड़ाई में हिस्सा लिया है।

## समर्थन देने वाले प्रमुख संगठन निम्नलिखित हैं:

क्रमांक - संगठन / समाज / राजनीतिक दल बौद्ध समाज, तेली समाज, ब्राह्मण समाज, कुणबी समाज, सिख समाज, मुस्लिम समाज, अग्रसेन समाज, कलार समाज, क्षत्रिय पोवार समाज, गाणली समाज, ऑल इंडिया आदिवासी पीपल्स फेडरेशन देवरी, ओबीसी संघर्ष कृति समिति देवरी, भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, वंचित बहुजन अघाड़ी, माँ धुकेश्वरी मंदिर समिति, देवरी।

## 'सिंगल कॉलम' और लंबाई बढ़ाने की मांग क्यों?..

आंदोलनकारियों और संगठनों के अनुसार, वर्तमान नियोजित फ्लाईओवर के कारण देवरी शहर के स्थानीय व्यवसाय पूरी तरह से नष्ट होने का डर है। साथ ही ट्रैफिक जाम और भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए पूरा देवरी शहर निम्नलिखित दो मांगों पर अड़ा हुआ है:

**सिंगल कॉलम फ्लाईओवर:** यदि फ्लाईओवर की संरचना सिंगल कॉलम (एकल स्तंभ) पर आधारित होगी, तो पुल के नीचे की जगह खाली रहेगी, जिससे शहर के भीतर का यातायात सुचारू रूप से चलेगा और स्थानीय व्यापारियों को नुकसान नहीं होगा।

**फ्लाईओवर की लंबाई बढ़ाना:** शहर के बढ़ते विस्तार को देखते हुए फ्लाईओवर की लंबाई बढ़ाना बेहद जरूरी है, ताकि राजमार्ग का तेज यातायात शहर के बाहर से ही आगे निकल जाए।

**प्रधानमंत्री से गुहार;** आंदोलन की चेतावनी

'यह सवाल किसी एक पार्टी या जाति का नहीं है, बल्कि पूरे देवरी के भविष्य और अस्तित्व का है। इसीलिए सभी राजनीतिक मतभेदों और सामाजिक दीवारों को दरकिनार कर सभी ने इस मोर्चे में भाग लिया।'

20 मई को निकले इस मोर्चे के माध्यम से देवरी के नागरिकों ने अपनी भावनाएं सीधे दिल्ली तक पहुंचाई हैं। पत्र के जरिए मांग की गई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस जनभावना का संज्ञान लें और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण **(NHAI)** को फ्लाईओवर के डिजाइन में तुरंत सुधार करने के आदेश दें। देवरी के सर्वदलीय और सर्वधार्मिक संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने इन जायज मांगों की अनदेखी की, तो आने वाले समय में इस आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# भारी वाहनों की आवाजाही से गांधीटोला मार्ग बना खतरनाक, ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

## मोनाली मेंढे दुर्घटना मामले के आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग..

## आठ दिनों में भारी वाहनों की आवाजाही बंद नहीं होने पर चक्काजाम आंदोलन की चेतावनी..



जगप्रेरणा सालेकसा।

***सालेकसा-गिरोला-तिरखेड़ी-गांधीटोला-सातगांव-साकरीटोला मार्ग पर जारी भारी वाहनों की आवाजाही के कारण नागरिकों के जीवन पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।***

इस मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन पर तत्काल रोक लगाई जाए, ऐसी मांग गांधीटोला के ग्रामीणों ने सालेकसा पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर की है। साथ ही गांधीटोला में हुई भीषण दुर्घटना के आरोपी वाहन चालक पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग भी की गई है।

ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन के अनुसार, डोंगरगढ़-देवरी मुख्य महामार्ग पर टोल बचाने के लिए कई भारी वाहन चालक वर्तमान में सालेकसा-गिरोला-तिरखेड़ी-गांधीटोला-साकरीटोला इस वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप इस मार्ग पर भारी संख्या में लोडेड ट्रक और टैंकरों की आवाजाही बढ़ गई है तथा कुछ महीनों पहले ही बनाए गए सड़क की हालत अत्यंत खराब हो गई है। कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और सड़क उखड़ जाने से यात्रा खतरनाक बन गई है।

तिरखेड़ी और गांधीटोला के बीच स्थित वाघ नदी के पुल पर लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से अतिरिक्त दबाव उत्पन्न हो रहा है, जिससे भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका भी ग्रामीणों ने व्यक्त की है।

इसी भारी वाहन आवाजाही के कारण दिनांक 18 मई 2026 की सुबह गांधीटोला में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। कु. मोनाली (मोहिनी) संतोष मेंढे (आयु 17 वर्ष) अपनी सहेली के साथ ट्यूशन के लिए साखरीटोला जा रही थी, तभी पेट्रोल टैंकर क्रमांक **MH-40-CM-5929** के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में मोनाली की मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है तथा नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही तत्काल बंद करने, बस सेवा एवं अत्यावश्यक वाहनों को छोड़कर अन्य सभी भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने, आरटीओ विभाग द्वारा कड़े प्रतिबंध लागू करने, नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने तथा भारी वाहनों के लिए डोंगरगढ़-देवरी मुख्य महामार्ग को अनिवार्य करने जैसी मांगें की हैं।

साथ ही दुर्घटना के आरोपी चालक पर कड़ी कानूनी कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने तथा इस मार्ग पर नियमित पुलिस गश्त एवं जांच नाके शुरू करने की मांग भी की गई है। इस दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि आगामी आठ दिनों के भीतर भारी वाहन आवाजाही बंद नहीं की गई, तो नागरिकों की ओर से सालेकसा-तिरखेड़ी मार्ग पर चक्काजाम आंदोलन किया जाएगा।

इस अवसर पर सरपंच दिपिकाताई मेंढे, पूर्व सरपंच भूमेश्वरजी मेंढे, पूर्व उपसरपंच अरविंद फुंडे, टी. जी. फुंडे, पवन पाथोडे, दिनेश मेंढे, मुकेश फुंडे, भुवन मेंढे, सुनील फुंडे, अनिल मेंढे, रामदास कोरे, व्यंकट फुंडे, लोकेश नागरिकर, योगेश बहेकार, अजय भांडारकर, निखिल शेंडे, प्रमोद कोरे, रामकृष्ण दोनोडे, परमानंद बहेकार आदि उपस्थित थे।

# राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए विकसित ऐप्स से जिले के अधिकाधिक किसान जुड़ें : जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले

जगप्रेरणा गोंदिया।



***खेती के लिए उपयोगी मौसम पूर्वानुमान, फसल, कीट एवं विपणन संबंधी संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने तथा भविष्य में संभावित***

प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व सूचना पाने के लिए राज्य सरकार द्वारा किसानों हेतु विकसित किए गए मोबाइल ऐप्स से जिले के अधिक से अधिक किसान जुड़ें, ऐसा आवाहन जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले ने किया है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस की अध्यक्षता में गुरुवार को मुंबई स्थित सह्याद्री अतिथिगृह में राज्यस्तरीय खरीफ हंगाम समीक्षा बैठक 2026 आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने जलयुक्त शिवार अभियान के कार्यों में तेजी लाने तथा संभावित वर्षा अंतराल को देखते हुए संरक्षित सिंचाई के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जलसंवर्धन कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में डिजिटलीकरण के माध्यम से महाविस्तार ऐप, एग्रीस्टैक, डीसीएस ऐप और क्रॉपसेफ जैसे तकनीकी साधनों से किसानों को सटीक जानकारी और सेवाएं मिलेंगी। डिजिटल प्रणाली से फसल बीमा, अनुदान और विभिन्न योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी तथा पात्र किसानों तक लाभ पहुंचाना आसान होगा। उन्होंने कहा कि राज्य की खेती अब केवल पानी पर निर्भर नहीं रहेगी, बल्कि डेटा, ड्रोन और डिजिटल तकनीक यानी तीन 'डी' आधारित आधुनिक कृषि की ओर बढ़ रही है। महाराष्ट्र कृषि क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (द्व), जनरेटिव द्व, ड्रोन और एग्रीस्टैक नीति लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना है। महाविस्तार द्व प्रणाली के जरिए किसानों को मौसम, बाजार भाव, उर्वरक मात्रा, फसल सलाह तथा कीट एवं रोग प्रबंधन की जानकारी उपलब्ध हो रही है।ýl के उपयोग से उत्पादन लागत में लगभग 25 प्रतिशत तक कमी आने की संभावना है।

## कृषि क्षेत्र के महत्वपूर्ण ऐप्स- 1. महाविस्तार 2.0

इस ऐप में किसान डायरी, फसल सलाह, मौसम पूर्वानुमान, कीट एवं रोग पहचान, बाजार भाव, सरकारी योजनाओं और डीबीटी की जानकारी तथा ýl आधारित चैटबॉट सुविधा उपलब्ध है। साथ ही टेलीफोन आधारित सलाह, डिजिटल फसल रिकॉर्ड **(DCS)** और आसान उपयोग हेतु नया यूआई भी जोड़ा गया है।

## 2. वसुधा ýl सेवा और सक्रिय फसल सलाह प्रणाली

महाविस्तारýl व वसुधा÷ ýlआधारित वॉइस सेवा के माध्यम से किसान टोल-फ्री नंबर 15-5313 पर सीधे कृषि मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। इस सेवा में फसल जानकारी, बाजार भाव, मौसम सलाह, कटाई के बाद प्रबंधन तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाती है। इस सेवा को 82 प्रतिशत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है तथा औसत संवाद अवधि लगभग 3 मिनट दर्ज की गई है।

## 3. पी-सीबीडीसी प्रणाली से पारदर्शी अनुदान वितरण

कृषि विभाग ने आरबीआई के सहयोग से विकसित प्रोग्रामेबल सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी **(P-CBDC)** प्रणाली का उपयोग अनुदान वितरण के लिए शुरू किया है। पंजाब नेशनल बैंक के माध्यम से चल रहे इस पायलट प्रोजेक्ट में किसान और विक्रेता ऐप पर पंजीकृत होते हैं। अनुदान राशि किसानों के डिजिटल वॉलेट में वाउचर के रूप में उपलब्ध होती है और खरीद पंजीकरण के बाद सीधे विक्रेता के खाते में जमा होती है। इससे पारदर्शिता, गति और सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

## 4.क्रॉपसैप 2.0

फसलों में कीट और रोग प्रबंधन के लिए कृषि विभाग ने 'क्रॉपसैप 2.0' शुरू किया है। इसमें सोयाबीन, कपास, धान, तुअर, मक्का, ज्वार, गन्ना और चना जैसी प्रमुख फसलें शामिल हैं। महाविस्तार ऐप के जरिए ýlफोटो पहचान सुविधा उपलब्ध है, जिससे कीट और रोग की पहचान कर त्वरित फसल सुरक्षा सलाह दी जा सकेगी। इसका नारा सटीक निदान, सटीक सलाह और कीट-रोगों के हमले को लौटाएं।

## 5. महाट्रेस

महाराष्ट्र के कृषि उत्पादों को वैश्विक बाजार में अधिक विश्वसनीय बनाने और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए 'महाट्रेस' नामक आधुनिक ट्रेसिबिलिटी पहल शुरू की गई है। इससे उत्पादन से लेकर निर्यात तक कृषि उत्पादों की जानकारी पारदर्शी और विश्वसनीय रूप में उपलब्ध होगी तथा किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नए अवसर मिल सकेंगे। जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले ने किसानों से अपील की है कि वे इन ऐप्स को जल्द से जल्द अपने मोबाइल में डाउनलोड करें। इससे न केवल कृषि संबंधी लाभ मिलेगा बल्कि संभावित प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व सूचना भी प्राप्त हो सकेगी।

# पिंडकेपार से दिन दहाडे बकरा चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के गोरेगांव पुलिस थाना अंतर्गत बकरा चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 2/5/2026 के दोपहर 3 बजे पिंडकेपार मे फर्यादी छगनलाल हरिचंद गौतम उम्र 56 वर्ष निवासी रामाटोला ने घटना के समय अपने मकाने के बाजु की बंधी मे 3 बकरी और 1 बकरा बांधकर रखा था। और अपने घर मे आराम कर रहे थे। थोडी देर बाद जाकर देखा तो 3 बकरी बंधी थी बकरा वहा नही था। दिनदहाडे अज्ञात चोर ने 12 हजार का बकरा चुरा कर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोरेगाव मे अपराध क्रमांक 363/2026 धारा 303, 2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा मुकेश शेंडे 1314 पोस्टे गोरेगांव कर रहे है।

# फोरविलर की चपेट मे सायकल सवार की मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 22/ 5/ 2026 के दोपहर 12 बजे के दरम्यान गोंदिया तिरोडा रोड पर नरेश छोटेलाल नेवारे उम्र 50 वर्ष निवासी ढाकणी अपनी सायकल से आ रहे थे। फोर विलर वाहन क्रमांक एम एच 33 व्ही 2276 सफेद रंग के वाहन चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर नरेश के सायकल को पिछे से टक्कर मारी गंभीर चोट लगने से नरेश की मौत हो गई। वाहन चालक घटनास्थल से फरार हो गया फर्यादी मपोहवा ममता लिखीराम दसरे की शिकायत पर पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 321/2026 धारा 281,106,1, भान्यास 2023 सहकलम 184 मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोऊपनी अमोल वाघमोडे पोस्टे रामनगर कर रहे है।




## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

# सॉईलॉन आमगांव से मोटरसायकल चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत वाहन चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 8/5/2026 के 2 बजे के दरम्यान सॉईलॉन आमगाव मे फर्यादी अमित महेन्द्र कालबेले उम्र 22 वर्ष निवासी बिसोनी अपनी एच एफडिलक्स मोटरसायकल से शादी समारोह मे गये थे। उन्होंने उपनी मोटरसाइकल साईलॉन के सामने रखी थी। शादी समारोह पश्चात वापस लौटने के लिये गाडी के पास गये तो गाडी वहा नही थी। एच एफडिलक्स किमत 50 हजार रुपये की अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 351/2026 धारा 303, 2, बी एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा मेश्राम 157 पोस्टे आमगांव कर रहे है।

# बंद मकान से अज्ञात चोर ने उडाया लॅपटाप व अन्य सामान मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 14/5/2026 से 22/5/2026 के दरम्यान हल्बीटोला मे फर्यादी राजकुमार रामदास राजूरकर उम्र 51 वर्ष निवासी हलबीटोला अपने रिश्तेदार के यहा नागपुर शादी समारोह मे गये थे। घटना तारीख के दरम्यान अज्ञात आरोपी ने उनके मकान का ताला तोड़कर सी पी प्लस कंपनी का कॅमेरा किमत 2 हजार रुपये, 1 नग आशुश कंपनी का लॅपटॉप किमत 8 हजार रुपये, मोटो कंपनी का एक मोबाईल किमत 1 हजार रुपये, सॅमसंग कंपनी का मोबाईल किमत 1 हजार रुपये, गल्ले मे रखे नगदी 6 हजार रूपये कुल 18 हजार रुपये का माल चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 265/2026 धारा 305, ऐ, 331, 3, 331,4, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा विनोद वैद्य 1605 पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

# ग्रामीण छात्रों को केवल उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है, उनके पास अपार प्रतिभा है - गजेंद्र फुंडे

जगप्रेरणा गोंदिया।

***सुकन्या संकल्प निकेतन हाई स्कूल, काटी ने एक बार फिर महाराष्ट्र सरकार छात्रवृत्ति परीक्षाओं में एक उत्कृष्ट मील का पत्थर हासिल करके गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्र विकास के प्रति***

अपनी प्रतिबद्धता साबित की है। स्कूल के कुल 81 छात्रों ने छात्रवृत्ति के लिए सफलतापूर्वक अर्हता प्राप्त की है, जो काटी, कासा, बघोली, बिरसोला, गर्रा, उमरी, भाद्याटोला और बाजारटोला सहित संस्थान और आसपास के ग्रामीण समुदायों दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

यह सफलता छात्रों के समर्पण, अनुशासन और कड़ी मेहनत को दर्शाती है। 81 सफल उम्मीदवारों में से 53 लड़कियां (सुकन्या) हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में महिला शिक्षा को सशक्त बनाने पर स्कूल के मजबूत जोर को उजागर करती हैं। स्कूल प्रबंधन ने वर्षों से लगातार प्रगति पर गर्व व्यक्त किया।

पिछले वर्ष, कक्षा 5 के 6 छात्रों ने छात्रवृत्ति प्राप्त की, जबकि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में, कक्षा 8 के 18 छात्रों ने छात्रवृत्ति अर्जित की, जो अकादमिक उत्कृष्टता में लगातार वृद्धि दर्शाती है। संस्थान ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि का श्रेय कुशल और समर्पित शिक्षकों को दिया, जिनके अथक प्रयास छात्रों के भविष्य को आकार देते रहते हैं। इस सफलता के पीछे शिक्षकों की 'असली नायकों' के रूप में उचित प्रशंसा की गई थी।

यह सफलता मूल्यवान मार्गदर्शन में हासिल की गई थी, एम. जी. कावले, जी. बी. पडोले, एस. डी. बारेवार, वी. के. दीघोरे मैडम, एस. एच. मेश्राम और एस. डब्ल्यू. राउत। नितिन कटरे, ऐस.जी.मानकर।

CLASS : 5TH

| SR No | Student Name | Result |
|---|---|---|
| 1 | BAHE TULSHI RAJESH | PATRA |
| 2 | TELASE SAURABH SHRICHAND | PATRA |
| 3 | DANDRE STUTI RAVI | PATRA |
| 4 | MANE SUPRIYA RAJKUMAR | PATRA |
| 5 | PACHE SWANI GHANSHYAM | PATRA |
| 6 | PATLE DARPAN CHENESHWAR | PATRA |
| 7 | JAMRE VIDHHYA HARIDAS | PATRA |
| 8 | TURKAR ADITYA BHUPENDRA | PATRA |
| 9 | PUCCHIYA CHITRA RAKESH | PATRA |
| 10 | TURKAR NAKSH KUWARLAL | PATRA |
| 11 | CHAUDHARI SANVI SANTOSH | PATRA |
| 12 | BAHE PIYUSH SUKCHAND | PATRA |
| 13 | DONGRE SHOURYA RAHUL | PATRA |
| 14 | GATE TANVI DULICHAND | PATRA |
| 15 | JAMRE AYUSH GOPAL | PATRA |
| 16 | BAHE DARPAN ANIL | PATRA |
| 17 | DONGRE KAJAL SUNNYDEWAL | PATRA |
| 18 | DAYRE AVANI MEGHSHAYAM | PATRA |
| 19 | TELASE SWARA SHRICHAND | PATRA |
| 20 | MANE ANANYA SHREERAM | PATRA |
| 21 | KAWRE NIHAL NANDKISHOR | PATRA |
| 22 | NEWARE VAISHNAVI SEVAKRAM | PATRA |
| 23 | MANE DIPANKI GANNURAM | PATRA |
| 24 | UKE PARTHIVI BHUSAN | PATRA |
| 25 | MANE AISHA SANJAY | PATRA |
| 26 | DANDRE ANVESHA JITENDRA | PATRA |
| 27 | JAMRE AVANI RAJESH | PATRA |
| 28 | BANEWAR YADVI KOMAL | PATRA |

Class :8th

| SR No | Student Name | Result | SR No | Student Name | Result |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PATLE JAY CHENESHWAR | PATRA | 28 | DEWADHARI NIHARIKA JAGDISH | PATRA |
| 2 | BAHE SUNAINA RAJKUMAR | PATRA | 29 | PARDHI RITIKA KAMLESH | PATRA |
| 3 | PACHE MILIND MUKESH | PATRA | 30 | HARINKHEDE SUDHIR SANTOSH | PATRA |
| 4 | RATNERE SHREYA SANTOSH | PATRA | 31 | DHARMIK SUJAL JAYESH | PATRA |
| 5 | TIRKAR TRUPTI RAJU | PATRA | 32 | MANESHWAR NAINSHI RAJESH | PATRA |
| 6 | DONGRE SAKSHI RAHUL | PATRA | 33 | DANDRE PAVANI RAJESH | PATRA |
| 7 | BISEN PRINS SANJAY | PATRA | 34 | WAGARE VEDANT NANDLAL | PATRA |
| 8 | LANJEWAR SALONI SATYJEET | PATRA | 35 | RAHANGDALE MAYUR RAJKUMAR | PATRA |
| 9 | KAWARE SAMEER UMESH | PATRA | 36 | UDEPURE PARTH LANKESH | PATRA |
| 10 | NANDESHWAR PRIYA PRAVIN | PATRA | 37 | DAKHANWAR SHITAL VINOD | PATRA |
| 11 | DHODRE ADITI YASHWANT | PATRA | 38 | PACHE PURVI GHANSHYAM | PATRA |
| 12 | CHAUDHARI SUJAL SANTOSH | PATRA | 39 | KAWRE SANJANA JITENDRA | PATRA |
| 13 | PACHE VIDHI RAMKISHOR | PATRA | 40 | TURKAR DEV CHENESHWAR | PATRA |
| 14 | BANKAR HIMANK KANHAIYALAL | PATRA | 41 | SHIVANKAR SAGAR MANOJ | PATRA |
| 15 | YEDE MANGESH YOGRAJ | PATRA | 42 | UKE SAKSHI ANIL | PATRA |
| 16 | DONGARE MANVI KIRTILAL | PATRA | 43 | GAJBHIYE NAITIK SACHIN | PATRA |
| 17 | JAMRE PRACHI SAMPAT | PATRA | 44 | TURKAR HIMESH RAJA | PATRA |
| 18 | DONGRE PRAGYA PRASHANT | PATRA | 45 | MATRE SAHIL MANNU | PATRA |
| 19 | DAKHKHANWAR RESHMI RADHESHYAM | PATRA | 46 | MANE MINESH LAKHAN | PATRA |
| 20 | SONWANE RUCHI DEVENDRA | PATRA | 47 | DANDRE DIVYANI SHIVPARSHAD | PATRA |
| 21 | KHARE SWASHNI RAJESH | PATRA | 48 | BAGDE VARSHA ASHOK | PATRA |
| 22 | BAHE PIYUSH DHANRAJ | PATRA | 49 | SAHARE HIMANSHI KALPESH | PATRA |
| 23 | MISHRA PRAGATI SANTOSH | PATRA | 50 | DANDRE AVI SADANAND | PATRA |
| 24 | KHAIRWAR SANVI SHOBHARAM | PATRA | 51 | JAMRE JYOTI TARACHAND | PATRA |
| 25 | DAYRE TANVI MESHSHYAM | PATRA | 52 | PANJRE LINKU KAILASH | PATRA |
| 26 | NAGFASE NISHANT GOPALKRUSHNA | PATRA | 53 | MANE VINAY CHHAGANLAL | PATRA |
| 27 | TELASE RANI PURUSHOTTAM | PATRA | | | |

## इस उपलब्धि की दिल से सराहना की गई और बधाई दी गई:

निर्देशक जी. एन. फंडे सर, प्रिंसिपल डी. एस. बहेकर सर, एम. डी. वाढई मैडम, ए. एम. सेलुकर सर, बी. सी. बोपाचे सर, एम. पी. रहांगडेल सर, एम. एन. असाटी सर, सभी शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के साथ। स्कूल ने सभी सफल छात्रों और उनके सम्मानित माता-पिता को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना की।

यह मील का पत्थर इस बात का एक चमकता हुआ उदाहरण है कि कैसे दृढ़ संकल्प, उचित मार्गदर्शन और मजबूत शैक्षिक मूल्य सफलता की ओर ले जा सकते हैं।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया

मो. 9922607145



जग प्रेरणा

# गोंदिया भंडारा

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर



महावीर डेवलपर्स गोरेगांव

1 महावीर कॉम्पलेक्स

एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास

2. अष्ट विनायक अपार्टमेंट

2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..

संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555



युनिक युनिफार्म

पंकज

खास साड़ीयों का खास संग्रह

मेन रोड, गोंदिया (महा.)

[redacted]

साड़ियों के लिए मॅडम्स लोगो की पसंद ....!!


5 लीटर पस से भरी किडनी का सफल ऑपरेशन कर

## सहयोग हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने दिया 17 वर्षीय युवती को नया जीवन.. 6 घंटे चली जटिल लेप्रोस्कोपिक सर्जरी..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***17 वर्षीय एक युवती को तेज बुखार, ठंड लगना, पेट दर्द एवं पेट में अत्यधिक सूजन की गंभीर शिकायत के बाद पहले एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। युवती की हालत अत्यंत गंभीर होने के कारण उसे 3-4 दिनों तक आईसीयू में रखा गया, लेकिन स्वास्थ्य में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। इसके बाद बेहतर उपचार हेतु उसे सहयोग हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।***

सहयोग हॉस्पिटल के यूरोलॉजिस्ट एवं यूरो सर्जन डॉ. मयूर चौरे द्वारा मरीज की विस्तृत जांच की गई, जिसमें पता चला कि युवती की बांई किडनी पिछले 12-13 वर्षों से सूजी हुई थी। समय पर उपचार नहीं होने के कारण किडनी में गंभीर संक्रमण फैल गया था और वह पूरी तरह पस से भर चुकी थी। जांच में यह भी सामने आया कि यह स्थिति पायोनिफ्रोसिस तथा सेप्टिक शॉक जैसी जानलेवा अवस्था में बदल चुकी थी। संक्रमण के कारण किडनी इतनी अधिक बढ़ चुकी थी कि मरीज का पूरा पेट असामान्य रूप से सूज गया था। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने तत्काल आपातकालीन प्रक्रिया के तहत किडनी में पीसीएन ट्यूब डालकर लगभग 5 लीटर पस मिश्रित पेशाब बाहर निकाला। इस जीवनरक्षक प्रक्रिया के बाद मरीज की हालत में तेजी से सुधार होने लगा।

करीब 15 दिनों तक संक्रमण नियंत्रित करने एवं मरीज को स्थिर करने के बाद डॉक्टरों की टीम ने अत्यंत जटिल बाईं किडनी की लेप्रोस्कोपिक नेफ्रेक्टॉमी सफलतापूर्वक की। यह ऑपरेशन बेहद चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि संक्रमित किडनी अत्यधिक बड़ी हो चुकी थी तथा आसपास के ऊतकों से बुरी तरह चिपकी हुई थी। लगभग 6 घंटे तक चले इस कठिन ऑपरेशन में डॉक्टरों ने बिना किसी जटिलता के पूरी किडनी को लेप्रोस्कोपिक तकनीक से सफलतापूर्वक निकाल दिया।

यह जटिल सर्जरी डॉ. मयूर चौरे द्वारा सफ्लतापूर्वक की गई। ऑपरेशन में एनेस्थीसिया टीम के डॉ. शीतल धरमखेले, डॉ. आशीष नासरे एवं डॉ. मितेश राठी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आज ऑपरेशन के लगभग 6 सप्ताह बाद युवती पूरी तरह स्वस्थ है और सामान्य जीवन व्यतीत कर रही है। यह सफ्ल उपचार आधुनिक न्यूनतम चीरा सर्जरी, समय पर निदान एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय टीम की दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण माना जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. सौरभ वर्धानी ने बताया कि अब सहायोग हॉस्पिटल में जटिल से जटिल ऑपरेशन भी अत्याधुनिक तकनीकों एवं अनुभवी विशेषज्ञों की मदद से सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं। अस्पताल में अनुभवी नर्सिंग स्टाफ 24 घंटे डॉक्टरों की उपलब्धता तथा आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के माध्यम से क्षेत्र के मरीजों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध कराई जा रही हैं।

स्व. मुरलीधर टकरानी की पुण्य स्मृति में

## गोंदिया के जीनियस रिसोर्ट में देश के ख्याति प्राप्त भजन गायकों की श्याम भजन संध्या आज..

### सजेगा भव्य श्याम दरबार, सुप्रसिद्ध भजन गायक बिखेरेंगे सुरों का जादू

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया नगर मुख्यालय के समीप बालाघाट रोड पर स्थित जीनियस रिसोर्ट' में आज 24 मई 2026 (रविवार) को एक भव्य श्री श्याम भजन संध्या 'मिलन मेरे श्याम से' कार्यक्रम का आयोजन शहर के प्रतिष्ठित टकरानी परिवार***

(मुरलीवाला-द फैशन स्टोर) द्वारा पूज्य पिताजी स्व. मुरलीधर टकरानी की द्वितीय पुण्यतिथि के पुण्य स्मरण के अवसर पर आज संपन्न होगा। इस संबंध में टकरानी परिवार से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत शाम 05:15 बजे से बाबा श्याम की इच्छा तक अनवरत चलेगी। इस अवसर पर अलौकिक व मनमोहक




श्याम दरबार सजाया जाएगा और पावन अखण्ड ज्योत प्रज्वलित की जाएगी।

भजन संध्या में बाबा श्याम को रिझाने के लिए देश के कोने-कोने से सुप्रसिद्ध भजन प्रवाहक पधार रहे हैं, जिनमें मुख्य रूप से हर्ष तनेजा (भिवानी), पुत्री-पिता की सुरीली जोड़ी सुश्री वैष्णवी एवं भैय्या दीपक जनवेजा, सुश्री ऋषिका ठाकुर (ग्वालियर), शिवम वैष्णव (रायगढ़) अपनी सुमधुर आवाज में श्रद्धा, भाव और आस्थामय भजनों की प्रस्तुति देंगे। भजनों को संगीत की लहरियों से सजाने का कार्य दुर्ग के सुप्रसिद्ध 'निर्मल म्युज़िकल ग्रुप' द्वारा किया जाएगा।

भजन संध्या के समापन के पश्चात महाप्रसाद के रूप में 'श्री श्यामजी की रसोई' (भंडारा) का भी विशेष आयोजन किया गया है। **आयोजक दिनेश मुरलीधर टकरानी एवं समस्त टकरानी परिवार ने गोंदिया सहित आस-पास के सभी श्याम प्रेमियों, धर्मप्रेमी जनता, इष्ट मित्रों और सहयोगियों से सपरिवार व सहमित्र इस पावन संकीर्तन में उपस्थित होकर बाबा का आशीर्वाद एवं पुण्य लाभ लेने का सादर अनुरोध किया है।**

## माउंट लिटरा ज़ी स्कूल गोंदिया के छात्र अंश कमलेश तलरेजका अंतर्राष्ट्रीय सोशल साइंस ओलिंपियाड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन..



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

एस. एस. ए. एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित माउंट लिटरा जी स्कूल गोंदिया के कक्षा आठवीं के छात्र अंश कमलेश तलरेजा ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल सोशल साइंस ओलंपियाड सत्र 2025-26 में 60 में से 59 अंक ( 98.33 प्रतिशत ) प्राप्त कर श्रेष्ठ सफ्लता हासिल की। अंश ने सोशल साइंस ओलंपियाड में अंतर्राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर पर तृतीय स्थान तथा प्रक्षेत्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल कर अपने विद्यालय का नाम गौरवानवित किया।

छात्र की इस सफलता पर इंटरनेशनल सोशल साइंस ओलंपियाड की ओर से अंश को पुरस्कार के रूप में 1,111 हजार रू. नगद सहीत अंतर्राष्ट्रीय कांस्य पदक, उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण पत्र, स्वर्ण पदक, विशिष्टता का प्रमाण पत्र दिया गया। उसी प्रकार कक्षा 8 वीं से नक्श लधानी ने स्वर्ण पदक, विशिष्टता प्रमाण पत्र, क्षेत्रीय उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्राप्त किया। कक्षा नवीं से सानिध्य सूर्यवंशी ने उत्कृष्टता स्वर्ण पदक, सहभागिता प्रमाण पत्र, प्राप्त कर अपने विद्यालय तथा पालकों का नाम रोशन किया । विद्यार्थियों ने अपनी सफ्लता का श्रेय अपने शिक्षकों तथा पालकों को दिया। यह उल्लेखनीय है, कि माउंट लिटरा झी स्कूल, गोंदिया विद्यालय के विद्यार्थी प्रतिवर्ष ओलंपियाड परीक्षा में सहभाग लेकर अपनी शानदार सफ्लता का परचम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फहराते ह। इस उपलब्धि के लिए स्कूल के संचालक नितिश अग्रवाल, ललित अग्रवाल, संचालिका निशि अग्रवाल, प्राचार्य जितेंद्र तलरेजा तथा संपूर्ण शिक्षकवृंद ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके पालकों का अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दी।

## जिला प्रमुख पंकज यादव के नेतृत्व में बढ़ता जा रहा शिवसेना (उबाठा) का कारंवा..

### अनेक कार्यकर्ताओं ने किया शिवसेना उबाठा में प्रवेश..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पक्ष के जिलाप्रमुख पंकज यादव के नेतृत्व में संपूर्ण गोंदिया जिले में शिवसेना संगठन का वर्चस्व निरंतर बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में छोटा गोंदिया स्थित पंगोली नदी महाकाल मंदिर परिसर में***

भव्य प्रवेश कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर संदीप दस्सू यादव के नेतृत्व में अनेकों युवाओं ने स्वेच्छा से शिवसेना में प्रवेश कर पक्ष की विचारधारा पर विश्वास जताया। कार्यक्रम में जिला अधिकारी युवासेना दुर्गेश किरणापुरे की विशेष उपस्थिति रही। प्रवेश करने वाले प्रमुख युवाओं में संदीप दस्सू यादव, आयुष यादव, राहुल यादव, रजनीश यादव, आकाश राउत, कापिल धोड़े, राजा नेवारे, शिवा सोनवाणे, राहुल राउत, परवेज सोनवाने, विशाल मालाधारी, सुमित पटले, मनीष मेश्राम, साहैश नागरीकर, भारेश नागरीकर, अभी नागरीकर, सोहन नागरीकर, मयूर नागरीकर, शिवम बनकर, यश देशकर, साहिल गिरटकर सचिन नागरीकर, सुलश बागडे, सुमित मालाग ईशान उपरिकर, वेशांत नेरकर तथा साहिल कारोसिया व अनेक युवाओं ने शिवसेना (उबाठा) पक्ष में प्रवेश किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख पंकज यादव ने कहा कि युवाओं के बढ़ते समर्थन से परिसर में उत्साह का माहौल देखने मिल रहा है, श्री यादव ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को और मजबूत बनाने मार्गदर्शन प्रदान किया, वहीं सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन के विस्तार और जनहित में अग्रणी रहने का संकल्प लिया।

## लॉयंस क्लब गोंदिया सिविल ने स्कॉलरशिप में प्रावीण्यता प्राप्त ग्रामीण बच्चों का किया सत्कार..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***स्थानीय दातोरा ग्राम की 2 बच्चियां कु. यवी नितेश पाथोडे और कु. यशस्वी धर्मेंद्र डोये ने स्कॉलरशिप परीक्षा में प्रावीण्यता प्राप्त कर ग्रामीण क्षेत्रों का नाम रोशन किया। इस अवसर पर ग्राम दातोरा में दीपक कदम के फॉर्म हाउस में लायंस क्लब गोंदिया सिविल की कार्यकारिणी बैठक***

में इन दोनों बच्चों को कॉपी, पेन और पुष्प गुच्छ देकर क्लब की अध्यक्ष सौ. भावना कदम, सचिव सौ. सुजाता बहेकार और कोषाध्यक्ष सौ. मंजूषा फुंडे ने सत्कार किया। इस अवसर बच्चों के पिता और रिश्तेदार उपस्थित थे। क्लब के सदस्य स्कूल के संचालक मुरलीधर माहोरे, गजेन्द्र फुंडे, सुनील गढ़पाल्लीवर, भुवन बिसेन और पूर्व शिक्षण अधिकारी नीलकंठ सिरसटे ने इन बच्चों को पूरा सहकार्य करने का आश्वासन दिया।

गौरतलब है कि लायंस क्लब गोंदिया सिविल के द्वारा ग्रामीण बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे आयोजन किये जाते रहते हैं, और पूरा सहयोग प्रदान किया जाता है, यह बात चार्टर प्रेसिडेंट दीपक कदम ने कही। कार्यक्रम का संचालन प्रा. किशोर पटले ने किया तथा उपस्थित सभीका आभार दीपक कदम ने माना। इस अवसर पर लायंस क्लब के करीब 50 सदस्य उपस्थित थे।


अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर

बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण

उपलब्ध सुविधाऐं..

- टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
- इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
- (IUI) आय.यू.आय.
- अधिक उम्र में मातृत्व
- ओव्हम डोनेशन द्वारा
- बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
- पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
- शुक्राणु बैंक सुविधा
- सोनोग्राफी
- हार्मोस की जांच
- हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
- दुरबीन द्वारा ऑपरेशन

डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ

डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ

एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक

गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754


- सूचना -

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करे।


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com